www.epaper.azadsipahi.in

29 मई, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 218

वित्त आयोग के सामने राज्य के विकास का रोडमैप रखें : हेमंत




## Sarala Birla University

SARALA BIRLA UNIVERSITY


APPLY NOW

Admissions Open 25 - 26

Supported By

B K BIRLA GROUP OF COMPANIES

ADITYA BIRLA GROUP




University of Minnesota | University of Vermont | Berkeley University of California | & 20+ National MoUs

**CREATING GLOBAL LEADERS**

***For Social & Economic Change...!***

### Programs Offered

- **ENGINEERING & COMPUTER SCIENCE**
  **Diploma • B.Tech • M.Tech**
  Specialization - CSE • ME • CE • EEE • ECE • Electronics & Computer Engineering
  **BCA • MCA**
- **BUSINESS MANAGEMENT**
  BBA • BBA in Stock broking & Portfolio Management
  MBA
- **HUMANITIES AND LINGUISTICS**
  **BA • MA**
  Specialization - English • Sanskrit
- **COMMERCE**
  **B.com**
  Specialization- Accounts • E- Commerce • Taxation
  **M.com**
- **LEGAL STUDIES**
  BA LLB • BBA LLB • B.Com LLB • LLB • LLM
- **JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION**
  BA • MA
- **YOGIC SCIENCE AND NATUROPATHY**
  Diploma • B.Sc • M. Sc
- **APPLIED SCIENCES**
  B.Sc Mathematics • M. Sc Data Science
- **SOCIAL SCIENCES**
  **BA • MA**
  Specialization - Economics
- **ART, CULTURE & SPORTS**
  **BA • MA**
  Specialization - Music • Dance • Drama • Fine Arts
- **PHARMACY**
  D.Pharma • B.Pharma
- **NURSING, CLINICAL TECHNOLOGY & PUBLIC HEALTH** ANM • GNM • B.Sc. Nursing

Admission Helpline

**1800 890 6077**

**5000+** Students | **65+** Programs | **In Campus Hostel** For Boys & Girls | **Upto 50% Scholarship** Under Merit/Sports Quota

**60 Acres** World Class Infrastructure | **100%** Placement Support | **50+** Skill Enhancement Certificates | **100+** Companies visited for Placement

SARALA BIRLA UNIVERSITY

Birla Knowledge City, PO. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand, India - 835103

1800 890 6077 / +91 95251 10001

admissions@sbu.ac.in

www.sbu.ac.in

Scan Here to Register

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# इस बार राष्ट्रवाद का रंग खिलेगा बिहार के चुनावी मैदान में

## ■ भाजपा और नीतीश के लिए 'आपरेशन सिंदूर' ने बनाया अनुकूल माहौल

## ■ पहली बार जाति के आधार पर राजनीति की बात नहीं हो रही है बिहार में

## ■ एनडीए ने सीट शेयरिंग को दिया अंतिम रूप, पर इंडी अलायंस में उलझन

**आजाद सिपाही विशेष**

**दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाली भूमि के रूप में चर्चित बिहार की सियासत आम तौर पर देश के दूसरे राज्यों से अलग होती रही है। बिहार में अब तक जातिगत मुद्दे और समीकरण ही विधानसभा चुनाव की दशा-दिशा तय करते रहे हैं। इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा का चुनाव होना है और इसके लिए जमीन तैयार हो रही है। चुनावी मुद्दों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस बार पहली बार बिहार में जाति के आधार पर राजनीति की बात नहीं हो रही है, बल्कि राष्ट्रवाद, ऑपरेशन सिंदूर और देशहित की बातें हो रही हैं। जाहिर है कि इस बदले राजनीतिक माहौल का लाभ एनडीए, यानी भाजपा-जदयू को मिलेगा, जो राज्य की सत्ता में है। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में अपनी सार्वजनिक रैली कर चुके हैं और एक बार फिर 29-30 मई को बिहार आ रहे हैं। उनकी यात्राओं से अनुकूल माहौल बना है। इसी माहौल की पृष्ठभूमि में यह भी महत्वपूर्ण है कि एनडीए ने राज्य में सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दे दिया है, जबकि विपक्षी इंडी अलायंस में अब तक इस मुद्दे को लेकर बातचीत भी शुरू नहीं हुई है। बिहार के इस दिलचस्प चुनावी परिदृश्य में एक और बात नोट करने लायक है और वह है सर्वेक्षण एजेंसियों की रिपोर्ट। ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार में किये गये तमाम सर्वेक्षण इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि इस बार राज्य में राष्ट्रवाद की फसल खूब लहलहायेगी और पहली बार बिहार में जाति के आधार पर वोट शायद नहीं पड़ेगा। जाहिर है, यह निष्कर्ष एनडीए के पक्ष में ही जाता दिखाई दे रहा है। क्या है बिहार का चुनावी परिदृश्य और क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की गहमागहमी शुरू हो चुकी है और इस बार 'ऑपरेशन सिंदूर' ने राजनीतिक माहौल को और गरमा दिया है। इन सबके बीच बिहार के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने खड़ी चुनौतियों का विश्लेषण करने पर यही पता चलता है कि बिहार का माहौल तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। बिहार की राजनीति आम तौर पर जातीय गोलबंदी और समीकरणों में बंधी होती है। लेकिन इस साल के अंत में होनेवाले विधानसभा चुनावों का माहौल पिछले चुनावों से पूरी तरह अलग नजर आ रहा है। बिहार में इस बार जाति की बात नहीं हो रही है और न ऐसे मुद्दे ही सामने आ रहे हैं। इनके स्थान पर ऑपरेशन सिंदूर, राष्ट्रवाद, देशहित और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर लोग बात कर रहे हैं।

इसका साफ मतलब यही है कि ऑपरेशन सिंदूर, जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान की आतंकी और सैन्य संरचनाओं पर हमला किया, ने बिहार के चुनावी माहौल को नया रंग दिया है। इस ऑपरेशन ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को एक मजबूत कहानी दी है। पीएम मोदी ने पहलगाम आतंकी घटना के दूसरे दिन ही मधुबनी में इसकी शुरुआत की थी। जब उन्होंने कहा था कि इस घटना के आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर तक खोज कर मारा जायेगा। फिर ऑपरेशन सिंदूर हो गया। भाजपा ने इस मौके का फायदा उठाते हुए 10 दिनों तक बिहार में तिरंगा यात्राएं निकालीं, जिससे राष्ट्रवादी भावनाओं को भुनाने की कोशिश की गयी। हालांकि, नीतीश कुमार ने इन यात्राओं को चुपचाप देखा, शायद सतर्कता के साथ, क्योंकि वह जानते हैं कि भाजपा इस मौके का इस्तेमाल अपने प्रभाव को बढ़ाने और बिहार में अपना मुख्यमंत्री स्थापित करने के लिए कर सकती है।

### भाजपा के लिए सुनहरा अवसर

भाजपा के लिए 2025 का चुनाव बिहार में अपने मुख्यमंत्री को लाने का सुनहरा अवसर है। 2020 में चिराग पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के जरिये नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) की सीटों को कम करने में अहम भूमिका निभायी थी। भाजपा अब चाहती है कि प्रशांत किशोर की नयी पार्टी जन सुराज भी ऐसा ही कुछ करे, जिससे नीतीश की स्थिति कमजोर हो और भाजपा को फायदा मिले।

### नीतीश के सामने कई चुनौतियां

नीतीश कुमार, जो बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे हैं, इस बार कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही एनडीए को बिहार में बढ़त थी। सर्वे में 60% से अधिक लोगों ने नीतीश के प्रदर्शन से संतुष्टि जतायी और 50% से अधिक ने माना कि एनडीए अगला चुनाव जीतेगा। अत्यंत पिछड़ा वर्ग (इबीसी), जो बिहार की आबादी का 36% है, में एनडीए को 68.72% समर्थन मिला, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में 39.63% समर्थन था। अनुसूचित जाति में भी एनडीए को 48.23% समर्थन प्राप्त था।




### सर्वेक्षणों में एनडीए को बढ़त

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार में कराये गये सर्वेक्षणों में एनडीए को बढ़त हासिल हुई है। विभिन्न कंपनियों द्वारा कराये गये सर्वेक्षणों का संकेत है कि बिहार का राजनीतिक माहौल इस बार बदला हुआ रह सकता है। पहली बार बिहार में जाति की बात नहीं हो रही है, जातीय समीकरण का प्रभाव कम नजर आ रहा है और देशहित की बात ज्यादा हो रही है।

### नीतीश की लोकप्रियता गिरी

हालांकि, नीतीश की लोकप्रियता में कमी आयी है। सर्वेक्षणों के अनुसार, उनकी लोकप्रियता 18% से घटकर 15% हो गयी है और वह मुख्यमंत्री पद के लिए तीसरे पसंदीदा उम्मीदवार बन गये हैं। उनके सामने तेजस्वी यादव (35.5%) और प्रशांत किशोर (17.2%) हैं। नीतीश की घटती लोकप्रियता के कारणों में उनकी सेहत, बार-बार गठबंधन बदलने से विश्वसनीयता में कमी और एनडीए द्वारा मुख्यमंत्री चेहरा घोषित न करना शामिल हैं।

### तेजस्वी की लोकप्रियता भी घटी, कांग्रेस कमजोर कड़ी

बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव इस बार सबसे पसंदीदा मुख्यमंत्री उम्मीदवार हैं, हालांकि उनकी लोकप्रियता भी 40.6% से घटकर 35.5% हुई है। तेजस्वी ने बेरोजगारी और प्रवास जैसे मुद्दों को अपनी रणनीति का केंद्र बनाया है, जो सर्वे में 43.8% लोगों की प्राथमिक चिंता है। वह युवाओं और अल्पसंख्यकों को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस की आक्रामकता उनकी राह में बाधा बन रही है।

### प्रशांत किशोर और जन सुराज पार्टी पहली बार मैदान में

प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी पहली बार सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। किशोर ने नीतीश की सेहत और नेतृत्व को कमजोर बताकर उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाये हैं। वह नीतीश और तेजस्वी की अनुपस्थिति से बने 'वैक्यूम' का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं, खासकर मुस्लिम और अन्य समुदायों में।

### क्या है भाजपा की रणनीति

भाजपा नीतीश को गठबंधन का चेहरा बनाये रखते हुए भी अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। वह ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रवादी मुद्दों के जरिये मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही है। साथ ही चिराग पासवान और सम्राट चौधरी जैसे नेताओं को आगे बढ़ाकर वह भविष्य में नीतीश के विकल्प को भी ध्यान में रख रही है, हालांकि लोकसभा के दलीय संतुलन को देखते हुए यह सब नेपथ्य में है।

### क्या है बिहार का सामाजिक समीकरण

बिहार की आबादी में इबीसी (36%), ओबीसी (27%) और अनुसूचित जाति (19.6%) का बड़ा हिस्सा है। यदुवंशी (14.26%) और नीतीश की कुरमी जाति (2.87%) भी महत्वपूर्ण हैं। एनडीए को इबीसी और ऊपरी जातियों में मजबूत समर्थन है, जबकि राजद का आधार यदुवंशी और मुस्लिम वोटर हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा ने मुस्लिम समुदाय में भी 28.47% समर्थन हासिल किया है, जो तेजस्वी-कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है।

### क्या हो सकते हैं दूसरे मुद्दे

बिहार में ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रवाद के बाद अन्य प्रमुख मुद्दों के रूप में बेरोजगारी और पलायन सबसे बड़े मुद्दे उभरे हैं, जो तेजस्वी की रणनीति को मजबूत करते हैं। दूसरी ओर नीतीश की सरकार ने स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे में उपलब्धियों का दावा किया है, लेकिन उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं।

### भाजपा को मिलेगा बड़ा लाभ

ऑपरेशन सिंदूर ने बिहार के चुनावी माहौल को राष्ट्रवादी रंग दिया है, जिसका फायदा एनडीए, खासकर भाजपा, को मिल सकता है। हालांकि, नीतीश कुमार के लिए यह चुनाव आसान नहीं है। उनकी घटती लोकप्रियता, सेहत की चिंताएं और बार-बार गठबंधन बदलने की छवि उन्हें कमजोर कर रही है। तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर उनकी चुनौतियों को और बढ़ा रहे हैं, जबकि भाजपा अपनी रणनीति के तहत नीतीश को समर्थन देते हुए बिहार में अपने कदम मजबूत कर रही है। ऐसे में यह बात भी ध्यान देने लायक है कि एनडीए ने सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दे दिया है, जबकि विपक्षी इंडी अलायंस अब तक इस तरफ एक कदम भी नहीं बढ़ा है। इस तरह बिहार का यह चुनाव न केवल नीतीश के लिए, बल्कि पूरे एनडीए और विपक्ष के लिए एक कड़ा इम्तिहान होगा।

---

# विदेशी धर्म मानने वालों के दबाव में राज्य में पेसा कानून लागू नहीं कर रही राज्य सरकार : रघुवर दास

**सरना समाज का मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य का जनजाति समाज अपनी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से वंचित है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बुधवार को हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला। वह प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा हेमंत सरकार विदेशी धर्म मानने वालों के दबाव में राज्य में पेसा कानून लागू नहीं कर रही। एक सरना समाज के मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य का जनजाति समाज अपनी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से वंचित है। उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर महानायकों जिसमें धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, पोटो हो ने अंग्रेजों से इसी स्वशासन की व्यवस्था के लिए लड़ाइयां लड़ी, संघर्ष किया, अपने बलिदान दिये। उन्होंने कहा कि 1996 में देश में पेसा कानून लागू किया। जिसके तहत सभी राज्यों ने पेशा नियमावली बनायी। लेकिन अगर झारखंड को देखा जाये तो हेमंत सरकार पार्ट वन और टू के साढ़े पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी एक सरना मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य में पेसा कानून लागू नहीं हुआ है। क्या पेसा कानून लागू होने से हेमंत सरकार को खतरा है? क्या इस डर से लागू नहीं कर रहे कि सरकार गिर जायेगी?

रघुवर दास ने कहा कि झारखंड सरकार ने जुलाई 2023 में पेसा नियमावली प्रारूप को प्रकाशित कर पंचायती राज विभाग द्वारा आम लोगों एवं संस्थाओं से प्रतिक्रिया मांगी थी। इसके बाद मंतव्य के साथ नियमावली प्रारूप विधि विभाग को भेजी गयी थी। महाधिवक्ता ने 22 मार्च 2024 को नियमावली प्रारूप पर अपनी सहमति दी और कहा कि नियमावली को सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के न्यायिक आदेशों के अनुरूप बनाया गया है। कहा कि इतना ही नहीं इस संबंध में क्षेत्रीय सम्मेलन में भी गहन विमर्श हुआ जिसमें भारत सरकार के साथ साथ झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधि शामिल हुए और सभी ने पेसा प्रारूप नियमावली पर सहमति दी। जब सारी वैधानिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तो फिर आखिर कौन सी शक्ति है जो इसे लागू होने से रोक रही है? क्या विदेशी धर्म मानने वालों को नुकसान और सरना धर्म को फायदा होने वाला है इसलिए इसे लागू नहीं किया जा रहा है?

**विदेशी धर्म मानने वाले भ्रम फैला रहे**

विदेशी धर्म मानने वाले इस संबंध में लगातार भ्रम फैला रहे हैं। ऐसे लोगों ने समिति बनाकर 2010 से 2017 तक कानून को चुनौती दी। इसे 5वीं अनुसूची वाले राज्य में नहीं बल्कि 6ठीं अनुसूची में लागू किया जाये। लेकिन उच्चतम न्यायालय ने इसे खारिज करते हुए 5वीं के तहत लागू करने का आदेश दिया। ऐसी ताकतें नहीं चाहती कि आदिवासी समाज की पारंपरिक रूढ़िवादी व्यवस्था आगे बढ़े। आदिवासी धर्म छोड़कर दूसरे धर्म मानने वालों का इस व्यवस्था में प्रवेश चाहते हैं। जो इस नियमावली की मूल भावना के खिलाफ है। पेसा नियमावली में निर्वाचित व्यवस्था का प्रावधान नहीं है बल्कि इसके तहत पारंपरिक रूढ़िवादी स्वशासन व्यवस्था लागू होगी। 6ठी अनुसूची के तहत ऑटोनोमस काउंसिल का प्रावधान है जिसमें नामांकन के आधार पर प्रतिनिधि चुने जायेंगे और विदेशी धर्म वाले जिन्होंने आदिवासी परंपरा को छोड़ दिया है इस माध्यम से अपना प्रतिनिधि शामिल करना चाहते हैं। इसलिए ऐसे लोग इसका विरोध कर रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग सत्ताधारी पार्टी और राज्य सरकार ने शामिल हैं। बड़े पद लेकर बैठे हैं और ऐसे लोगों के दबाव में राज्य सरकार पेसा कानून लागू नहीं कर रही। कांग्रेस झामुमो के लोग ऐसे लोगों की गोद में बैठे हैं। पेसा लागू होने से 112 अनुसूचित प्रखंडों में सारी योजनाओं का अधिकार आदिवासी समाज के पारंपरिक प्रधान को मिल जायेंगे। कांग्रेस बताये क्यों 1961 की जनगणना में आदिवासी कोड क्यों हटाया।

---

# रघुवर बतायें उनके समय में क्यों नहीं बनी पेसा नियमावली : विनोद पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

- **रघुवर दास आदिवासी समाज के मुद्दों को लेकर केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, न कि समाधान देना**
- **भाजपा को आदिवासियों के स्वशासन से नहीं, बल्कि सत्ता से मतलब है**
- **आदिवासी समाज को विदेशी धर्म और मूल धर्म के नाम पर बांटने का आरोप लगाया**
- **भाजपा आदिवासियों को इसाई बताकर उनकी नागरिकता, रोजगार और अधिकारों को संदेह के घेरे में खड़ा करती रही है**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की ओर से हेमंत सरकार पर लगाये गये आरोपों पर सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा और रघुवर दास आदिवासी समाज के मुद्दों को लेकर केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, न कि समाधान देना। विनोद पांडेय ने कहा कि रघुवर दास को पेसा कानून की याद अब आ रही है, जबकि उनके पूरे शासनकाल में इस दिशा में एक भी ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने पूछा कि यदि उन्हें आदिवासी समाज की इतनी ही चिंता थी तो 2014 से 2019 के दौरान भाजपा सरकार ने पेसा कानून लागू क्यों नहीं किया। भाजपा नेता बतायें कि उन्होंने राज्यसभा, लोकसभा, विधानसभा आखिर कहीं पर सरना आदिवासी धर्म कोड या पेसा नियमावली के लिए कोई पहल नहीं की।



उन्होंने कहा कि भाजपा को आदिवासियों के स्वशासन से नहीं, बल्कि सत्ता से मतलब है। झामुमो महासचिव ने कहा कि भाजपा को पेसा कानून की मूल भावना से नहीं, बल्कि इसे अपने एजेंडे के अनुसार मोड़ने में रुचि है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पेसा नियमावली को लेकर गंभीरता से काम कर रही है और तमाम वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद अब अंतिम स्तर पर प्रक्रिया हो रही है।

उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं आदिवासी हैं, सरना धर्म को मानने वाले हैं और भाजपा को यह रास नहीं आता। इसलिए वह समाज को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। पांडेय ने भाजपा पर आदिवासी समाज को विदेशी धर्म और मूल धर्म के नाम पर बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह वही भाजपा है, जो आदिवासियों को इसाई बताकर उनकी नागरिकता, रोजगार और अधिकारों को संदेह के घेरे में खड़ा करती रही है।

www.epaper.azadsipahi.in
29 मई, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 218



राष्ट्रपति शासन वाले मणिपुर में नयी सरकार बनाने की तैयारी

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

## मोदी सरकार ने किसानों को दिया तोहफा

# धान, कपास, ज्वार समेत 14 फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ा

- केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिया गया फैसला
- ब्याज सहायता योजना जारी रखने का एलान





आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिये गये। सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए एमएसपी में 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गयी है। खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गयी है। इसकी कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

**फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी :** सरकार ने बुधवार को 2025-26 खरीफ विपणन सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तीन प्रतिशत बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीइए) ने इस संबंध में निर्णय लिया। आगामी फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के खरीफ सत्र के लिए सामान्य और ए ग्रेड धान की किस्मों का समर्थन मूल्य 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर क्रमशः 2,369 रुपये और 2,389 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। दालों में अरहर का समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि उड़द का एमएसपी 400 रुपये बढ़ाकर 7,800 रुपये प्रति क्विंटल और मूंग का एमएसपी 86 रुपये बढ़ाकर 8768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

| फसल | एमएसपी 2024-25 | एमएसपी 2025-26 | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| धान (सामान्य) | 2,300 | 2,369 | 69 |
| धान (ए ग्रेड) | 2,320 | 2,389 | 69 |
| ज्वार (हाइब्रिड) | 3,371 | 3,699 | 328 |
| ज्वार (मालदांडी) | 3,421 | 3,749 | 328 |
| बाजरा | 2,625 | 2,775 | 150 |
| रागी | 4,290 | 4,886 | 596 |
| मक्का | 2,225 | 2,400 | 175 |
| तुअर/अरहर | 7,550 | 8,000 | 450 |
| मूंग | 8,682 | 8,768 | 86 |
| उड़द | 7,400 | 7,800 | 400 |
| मूंगफली | 6,783 | 7,263 | 480 |
| सूरजमुखी | 7,280 | 7,721 | 441 |
| सोयाबीन | 4,892 | 5,328 | 436 |
| तिल | 9,267 | 9,846 | 579 |
| रामतिल | 8,717 | 9,537 | 820 |
| कपास (मिडिल स्टेपल) | 7,121 | 7,710 | 589 |
| कपास (लॉन्ग) | 7,521 | 8,110 | 589 |

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- बडवेल नेल्लोर फोर-लेन हाइवे को मंजूरी
- महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारतीय रेलवे में दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी।

### ब्याज सहायता योजना जारी रखने को मंजूरी

सरकार ने संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआइएसएस) को 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी, जिसके तहत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से सस्ती दर पर अल्पकालिक ऋण मिलता है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मौजूदा 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता के साथ वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एमआइएसएस को जारी रखने का निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया। इस योजना को जारी रखने से सरकारी खजाने पर 15,640 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

# वित्त आयोग के सामने राज्य के विकास का रोडमैप रखें : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने 16वें वित्त आयोग की टीम के झारखंड दौरे के मद्देनजर राज्य सरकार की तैयारियों की समीक्षा की
- आयोग की टीम की 30 मई को राज्य सरकार के सभी मंत्रियों एवं अधिकारियों के साथ होगी बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को अपने आवासीय कार्यालय में 16वें वित्त आयोग की टीम के झारखंड दौरे के मद्देनजर राज्य सरकार की ओर से की गयी तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से वित्त आयोग की टीम के समक्ष राज्य के विकास का रोडमैप रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, विशेष सचिव वित्त विभाग बी० राजेश्वरी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**30 मई को सरकार के साथ होगी बैठक:** मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम 28 मई से चार दिवसीय दौरे पर झारखंड परिभ्रमण पर आयी है। वित्त आयोग की टीम की 30 मई को रांची में राज्य सरकार के सभी मंत्रियों एवं अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में राज्य की वित्तीय स्थिति, प्रबंधन, अनुदान की राशि के खर्च करने का विवरण, केंद्रीय सहायता राशि का उपयोग सहित कई अन्य विषयों पर जानकारी ली जायेगी। राज्य सरकार की ओर से 16वें वित्त आयोग की टीम की जिज्ञासा से संबंधित पूरी तैयारी की गयी है। राज्य सरकार द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में हो रहे विकासात्मक कार्यों की भी पूर्ण जानकारी वित्त आयोग को दी जायेगी। वित्त आयोग की टीम के समक्ष कृषि कार्य हेतु राज्य में सिंचाई जल संग्रहण, विद्यार्थियों में क्वालिटी एजुकेशन, आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना, इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा राज्य सरकार की प्राथमिकता होगी। इस निमित्त सभी सेक्टर के आउटपुट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की जायेगी। बैठक में राज्य सरकार 16वें वित्त आयोग की टीम को एक ज्ञापन (मेमोरेंडम) सौंपेगी।

**हर समुदाय और वर्ग का हित सुनिश्चित हो:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वित्त आयोग की टीम के समक्ष राज्य के विकास का रोडमैप रखें। राज्य के भीतर शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की रफ्तार तेज हो, इस उद्देश्य के साथ हमारी सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। राज्य में कई ऐसे सेक्टर हैं, जिस पर अधिक फोकस रखने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त आयोग के समक्ष राज्य सरकार की सिफारिश ऐसी हो, जिससे सभी वर्ग-समुदाय के लोगों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को वित्त आयोग के समक्ष राज्य सरकार की ओर से कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को रखने संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### टीम देवघर में स्थानीय निकायों के साथ करेगी बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। 16वें वित्त आयोग की टीम बुधवार को झारखंड पहुंच गयी है। आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया गुरुवार को पहुंच रहे हैं। टीम के लिए स्थानीय रैडिसन ब्लू में ठहरने की व्यवस्था की गयी है। तय कार्यक्रम के अनुसार आयोग की टीम 29 मई को देवघर जायेगी। वहां वित्त आयोग की टीम प्रमंडल स्तर पर स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। इसमें देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज, गोड्डा व पाकुड़ जिले के जिला परिषद अध्यक्ष, एक मुखिया और एक प्रमुख शामिल होंगे। रांची में 30 मई को स्थानीय निकायों, ट्रेड इंडस्ट्री, चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात करेगी। इसके बाद राज्य सरकार के सभी मंत्रियों एवं अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी है। इस बैठक में राज्य की वित्तीय स्थिति, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। टीम 30 मई को ही झारखंड के प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत करेगी। वित्त आयोग की टीम 31 मई को रांची से दिल्ली के लिए रवाना होगी।

## न्यूज रील्स

### झारखंड हाइकोर्ट के नये चीफ जस्टिस होंगे तरलोक सिंह चौहान

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव का त्रिपुरा हाइकोर्ट में तबादले की सिफारिश की गयी है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के सीनियर जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त करने की अनुशंसा की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 26 मई की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में केंद्र सरकार से चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के तबादले की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के सीनियर जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त करने की अनुशंसा की है। उन्होंने शिमला से स्कूली शिक्षा प्राप्त की और पंजाब यूनिवर्सिटी (चंडीगढ़) से कानून की पढ़ाई की है। वह लाइसेंस लेने के बाद 1989 में वकालत के पेशे में आये थे। वर्ष 2014 में उन्हें हाइकोर्ट के अतिरिक्त जज के तौर पर पदोन्नत किया गया था। उसी साल उन्हें स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को 21 सितंबर 2024 को झारखंड हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया था।

# शराब घोटाला: आइएएस विनय चौबे और गजेंद्र सिंह से एसीबी करेगी पूछताछ, दो दिन की रिमांड मिली

एसीबी ने अदालत से सात दिन की रिमांड देने की मांग की थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शराब घोटाले में गिरफ्तार आइएएस विनय चौबे और गजेंद्र सिंह से पूछताछ के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को दो दिनों की रिमांड मिली है। एसीबी की विशेष अदालत ने इस बाबत आदेश दिया है। एसीबी की ओर से इनसे पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी गयी थी। सुनवाई के बाद विशेष अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद एसीबी को दो दिनों की रिमांड का लेने आदेश जारी किया। अधिकारी इनसे दो दिनों तक पूछताछ करेंगे।



**विनय चौबे समेत पांच को एसीबी कर चुकी है गिरफ्तार :** झारखंड शराब घोटाले में एसीबी अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। झारखंड के तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 20 मई को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद जियाडा के रीजनल डॉयरेक्टर और जेएसबीसीएल के तत्कालीन जीएम सुधीर कुमार, वर्तमान जीएम फाइनेंस सुधीर कुमार दास और मार्शन के प्रतिनिधि नीरज को 22 मई को गिरफ्तार किया गया था।

### रिम्स में भर्ती हैं विनय चौबे

बताते चलें कि 20 मई को रांची एसीबी ने झारखंड शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई की थी। विनय चौबे से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। साथ ही संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया थे। दोनों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेज दिया गया था। जहां, तबीयत खराब होने के बाद विनय चौबे को रिम्स में भर्ती कराया गया। फिलहाल वह रिम्स में हैं और उनका इलाज चल रहा है।

# पाकिस्तान से सटे राज्यों में आज मॉक ड्रिल

- जम्मू-कश्मीर, गुजरात, पंजाब और राजस्थान में शाम चार बजे बजेगा सायरन
- इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर के दिन देशभर में 244 जिलों में हुई थी मॉक ड्रिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे चार राज्यों में गुरुवार की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, पंजाब और राजस्थान शामिल हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गयी है। इससे पहले सात मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गयी। यह इसलिए किया गया, ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद सात मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। यह मॉक ड्रिल केवल लोगों को सतर्क रहने और भविष्य में सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करने के लिए हो रहा है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा का निधन

मोहाली। पंजाब में अकाली दल के प्रमुख नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा का बुधवार को निधन हो गया। वे 89 साल के थे। वे पिछले कुछ समय से बीमार थे। उन्होंने मोहाली के अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे 14वीं लोकसभा के लिए पंजाब के संगरूर से चुने गये थे।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
5 वीं मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
***************
**वर्ष 2025 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 'ऑनलाइन' माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना**
वर्ष 2025 के लिए दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन / नामांकन जमा करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल 15 मई, 2025 से 15 जुलाई, 2025 तक खुला है। इसका विवरण निम्नानुसार है :
i. आवेदन / नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **www.awards.gov.in** पर किए जायेंगे ।
ii. वर्ष 2025 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 15 जुलाई, 2025 तक प्राप्त आवेदनों / नामांकनों पर ही विचार किया जाएगा।
iii. वर्ष 2025 के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **(www.awards.gov.in)** पर ऑनलाइन जमा किया जाना है। नामांकन में उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में निर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें उल्लेखनीय और प्रेरक उपलब्धियों को स्पष्ट रूप में शामिल किया जाना चाहिए तथा उपलब्धियों से सम्बंधित सहायक दस्तावेज भी अपलोड करना चाहिए।
iv. **भौतिक रूप से या किसी अन्य रूप से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**
v. पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों के लिए विभाग की वेबसाइट **(www.depwd.gov.in)** तथा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **(www.awards.gov.in)** पर उपलब्ध "दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दिशानिर्देश" देखे जा सकते हैं।
CBC 38117/11/0001/2526

# राउरकेला में नक्सलियों ने लूटा विस्फोटक से भरा ट्रक

- डेढ़ टन विस्फोटक होने का अनुमान, सारंडा जंगल में छिपाने की सूचना
- हाइ अलर्ट पर झारखंड और ओड़िशा पुलिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/राउरकेला।** ओड़िशा के राउरकेला में नक्सलियों ने सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए एक ट्रक लूट लिया। ट्रक में करीब डेढ़ टन विस्फोटक सामग्री लदी थी। यह ट्रक केबलांग थाना क्षेत्र से होकर बांको पत्थर खदान की ओर जा रहा था। ट्रक को रोककर चालक को बंधक बनाया गया और वाहन को सारंडा के जंगल की तरफ ले गये। घटना के बाद झारखंड और ओड़िशा पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस दोनों राज्यों की सीमाओं पर वाहनों की जांच कर रही है। जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है।

**23 हथियारबंद नक्सलियों ने दिया अंजाम:** प्राप्त जानकारी के अनुसार ओड़िशा के राउरकेला में मंगलवार रात नक्सली घटना घटी। करीब डेढ़ टन विस्फोटक सामग्री से भरे एक ट्रक को नक्सलियों ने लूट लिया। ट्रक को झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल के पास ले जाकर छिपा दिया गया है। ट्रक अपने गंतव्य पर लगभग पहुंच ही गया था कि 23 हथियारबंद नक्सली वहां पहुंचे और ट्रक को कब्जे में लेकर घने जंगल की ओर भाग निकले। नक्सलियों ने ट्रक चालक को देर रात छोड़ दिया, जो ओड़िशा के महूपदा थाना पहुंचने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, विस्फोटक से भरा ट्रक अभी भी नक्सलियों के कब्जे में है।

### केबलांग थाने में मामला दर्ज किया गया

इस वारदात को लेकर ओड़िशा के केबलांग थाने में केस दर्ज किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पश्चिमी सिंहभूम और ओड़िशा पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गयी है। इस घटना के बाद सारंडा के सभी सीपीआरएफ कैंपों को अलर्ट कर दिया गया है। झारखंड पुलिस ने बॉर्डर पर निगरानी बढ़ा दी है। वर्तमान में सारंडा और ओडिशा बॉर्डर के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। दोनों राज्यों के पुलिस और सीआरपीएफ को एलर्ट किया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# प्रधानमंत्री का सिक्किम, पश्चिम बंगाल बिहार और यूपी का दौरा आज से

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 और 30 मई को सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। 29 मई को प्रधानमंत्री सिक्किम का जायेंगे, जहां वे सुबह करीब 11 बजे 'सिक्किम@50: जहां प्रगति उद्देश्य से मिलती है और प्रकृति विकास को पोषित करती है' कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे सिक्किम में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे। बाद में प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जायेंगे और दोपहर करीब 2:15 बजे अलीपुरद्वार और कूच बिहार जिलों में सिटी गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद पीएम बिहार रवाना होंगे। शाम करीब 5:45 बजे पटना एयरपोर्ट पर नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। अगले दिन 30 मई को सुबह करीब 11 बजे प्रधानमंत्री बिहार के काराकाट में 48,520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास करेंगे। वह एक जनसभा भी संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश जाएंगे, जहां वह दोपहर करीब 2:45 बजे कानपुर में करीब 20,900 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे।

**बिहार में प्रधानमंत्री :** 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री पटना एयरपोर्ट के नवनिर्मित यात्री टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। करीब 1200 करोड़ रुपये की लागत से बना यह नया टर्मिनल प्रति वर्ष 1 करोड़ यात्रियों को संभाल सकता है। प्रधानमंत्री 1410 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बिहटा एयरपोर्ट के नये सिविल एन्क्लेव की आधारशिला भी रखेंगे। बिहटा, पटना के पास एक शैक्षणिक केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है जिसमें आइआइटी पटना और प्रस्तावित एनआइटी पटना परिसर है। 30 मई को प्रधानमंत्री काराकाट में 48,520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री औरंगाबाद जिले में 29,930 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना, चरण-दो (3 गुणे 800 मेगावाट) की आधारशिला रखेंगे, जिसका उद्देश्य बिहार और पूर्वी भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र में सस्ती बिजली उपलब्ध होगी।

## उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री

क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, प्रधानमंत्री कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वह 2,120 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन से कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन खंड का उद्घाटन करेंगे। इसमें 14 नियोजित स्टेशन शामिल होंगे जिनमें पांच नये भूमिगत स्टेशन शामिल होंगे जो शहर के प्रमुख स्थलों और वाणिज्यिक केंद्रों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ेंगे। इसके अतिरिक्त, वह जीटी रोड के सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कानपुर में 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 660 मेगावाट की पनकी थर्मल पावर एक्सटेंशन परियोजना का उद्घाटन करेंगे जिससे उत्तर प्रदेश की ऊर्जा क्षमता बढ़ेगी। वे घाटमपुर थर्मल पावर परियोजना की 9,330 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली तीन 660 मेगावाट की इकाइयों का भी उद्घाटन करेंगे जिससे बिजली आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री कानपुर के कल्याणपुर पनकी मंदिर में पनकी रोड पर पनकी पावर हाउस रेलवे क्रॉसिंग और पनकी धाम क्रॉसिंग पर रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन करेंगे। इससे पनकी थर्मल पावर एक्सटेंशन प्रोजेक्ट के लॉजिस्टिक्स को कोयला और तेल परिवहन की सुविधा मिलेगी तथा यातायात की भीड़भाड़ भी कम होगी।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को देवघर आयेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को झारखंड के देवघर दौरे पर आयेंगी। राष्ट्रपति भवन ने उनके दौरे का कार्यक्रम तय कर दिया है। इसकी आधिकारिक सूचना झारखंड के मुख्य सचिव को भेज दी गयी है। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर तैयारियां भी शुरू हो गयी हैं। सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। इससे पहले राष्ट्रपति भवन ने 11 जून को देवघर आने की सूचना राज्य सरकार को दी थी, लेकिन अब इसमें बदलाव किया गया है।

**ये है राष्ट्रपति के दौरे का कार्यक्रम :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को दोपहर तीन बजे देवघर पहुंचेगी और सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगी। 11 जून को राष्ट्रपति बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। पूजा-अर्चना के बाद राष्ट्रपति एम्स के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति असम के लिए रवाना हो जायेंगी।



## मानशी कुमारी 96% नंबर प्राप्त कर बनी रांची जिला 7वीं टॉपर



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के मेन रोड स्थित उर्सुलाइन कॉन्वेंट गर्ल्स हाइस्कूल की छात्रा मानशी कुमारी ने 96% अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉपर रही। सोम विहार भरम टोली बरियातू निवासी मानशी ने कहा माता-पिता और शिक्षक उसकी प्रेरणा है। मानशी के पिता भरम टोली में एक छोटी दुकान चलाते हैं। मानशी ने कहा टॉपर बनने के लिए स्कूल की पढ़ाई और सेल्फ स्टडी ही काफी है। मैट्रिक में टॉप करने वाली मानशी कुमारी के पिता विजय सिंह पेशे से दुकानदार हैं। अपनी बेटी की सफलता पर वे गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। उसके पिता विजय सिंह अपनी बेटी की सफलता पर खुशियां व्यक्त करते हुए कहते हैं कि वह पढ़ने में शुरू से ही मेधावी थी। उसका मन सिर्फ पढ़ाई में लगा रहता था। शिक्षा के प्रति उसकी मेहनत और लगन को देख मुझे विश्वास था, कि वह मैट्रिक की परीक्षा में जरूर टॉप करेगी।

# जेएलकेएम ने राज्यपाल को जेपीएससी परीक्षा में हुई धांधली का साक्ष्य सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से ली गयी 11वीं से 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा परिणाम में हुई धांधली का साक्ष्य झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा। मोर्चा के उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने छात्र मंडली के साथ बुधवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर उक्त परीक्षा में हुई अनियमितता के साक्ष्य सौंपा। राज्यपाल से मिलने के बाद राजभवन के समक्ष मीडिया से बात करते हुए देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 15 और 16 के कोटिवार आरक्षण का उल्लंघन किया जा रहा है। जारी नियुक्ति विज्ञापन की कंडिका 3 (ग) और झारखंड सरकार गजट, झारखंड संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा- 2023 के मुख्य परीक्षा नियमावली 19 (ख) की अवहेलना की गयी है। उन्होंने राज्यपाल से जारी नियुक्ति विज्ञापन की शर्तों के अनुसार रिजल्ट के साथ कट ऑफ मार्क जारी करने, कोटिवार प्राप्तांक के साथ रिजल्ट प्रकाशित करने और इच्छुक छात्रों को अतिशीघ्र उत्तर पुस्तिका एवं मार्कशीट आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने की मांग की। मौके पर राज्यपाल ने आयोग को जवाब तलब करने का सकारात्मक आश्वासन दिया। छात्र शिष्टमंडली में देवेंद्रनाथ महतो, आशीष कुमार महतो, योगेश चंद्र भारती, बिरसा उरांव, तीर्थ कुमार सहित अन्य शामिल रहे।



# सेंट जेवियर्स कॉलेज में 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम'

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 1/3 कंपनी एनसीसी, सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची द्वारा आइक्यूएसी के सहयोग से कॉलेज परिसर स्थित फादर प्रूस्ट हॉल में बुधवार को 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, विशेषकर एनसीसी कैडेटों को नशीली दवाओं की बढ़ती समस्या और इसके व्यक्ति और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक बनाना था। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य रेव. फादर डॉ. रॉबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे एवं एएनओ कैप्टन डॉ प्रिया श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। उन्होंने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और समग्र शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया, जिसमें सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता भी शामिल है। मुख्य अतिथि के रूप में धनंजय कुमार सिंह, आइपीएस, उपमहानिरीक्षक, झारखंड वारफेयर स्कूल, नेतरहाट ने समारोह की शोभा बढ़ायी। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों पर प्रकाश डाला और युवाओं से एक नशा-मुक्त समाज के निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने नशे की मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और शारीरिक हानियों की विस्तृत जानकारी दी तथा छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की और वार्ता के बाद आयोजित इंटरएक्टिव सत्र में सक्रिय भाग लिया।

कार्यक्रम का समापन कैप्टन डॉ प्रिया श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर कैडेटों ने समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और पीड़ितों की सहायता करने के लिए अपने संकल्प को दोहराया।




# एक असहाय मंदबुद्धि व्यक्ति को सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम लाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम पुंदाग रांची में चल रहे सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रह रहे मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभुजी लोगों की निःशुल्क सेवा संस्था द्वारा 6 जनवरी 2024 से लगातार जारी है। अपना घर आश्रम के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि दो दिन पूर्व एक और निराश्रित असहाय मंदबुद्धि व्यक्ति को आश्रम में लाया गया।

आश्रम की टीम को फोन से सूचना मिली की कांके रोड में एक लावारिस अवस्था में मंदबुद्धि व्यक्ति घूम रहा है। आश्रम की टीम के द्वारा उस व्यक्ति को पिठौरिया से रेस्क्यू करके आश्रम लाया गया। उसके बाद रिंची हॉस्पिटल में उस व्यक्ति की पूरी मेडिकल जांच करवायी गयी। इसके बाद सद्गुरु कृपा अपना घर में लाया गया। उस व्यक्ति का नाम एवं पता का कोई जानकारी नहीं मिली, आश्रम कमेटी ने उसका नाम संतोष कुमार रखा है। अभी सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम मे 37 दिव्यांग एवं निराश्रितों दीनबंधुओं का समुचित देखभाल एवं बेहतर सेवा दी जा रही है।



# पारस हॉस्पिटल में सिकल सेल एनीमिया मरीज का सफल कूल्हा प्रत्यारोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पारस हॉस्पिटल एचइसी, रांची में झारखंड राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत सिकल सेल एनीमिया मरीज का सफल पूर्ण कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी किया गया। पारस हॉस्पिटल के आथोर्पेडिक्स कंसल्टेंट डॉ अवकाश कुमार की देखरेख में मरीज का एक दुर्लभ और जटिल मामला सफलता पूर्वक इलाज किया गया। इस संबंध में डॉ अवकाश कुमार ने बताया कि पारस हॉस्पिटल में एक सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित मरीज आयाा था, जिसकी कुल्हे का जोड़ (हिप जॉइंट) एवीएन (एवास्कुलर नेक्रोसिस) के वजह से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। उस मरीज का पूरी तरह मुफ्त में पूर्ण कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया। सर्जरी के बाद अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और चल-फिर पा रहा है। डॉ अवकाश कुमार ने बताया कि सिकल सेल बीमारी झारखंड, छत्तीसगढ़, ओड़िशा, महाराष्ट्र समेत भारत के पूर्वी क्षेत्र में ज्यादातर होती है। सिकल सेल ऐसी बीमारी है जो युवा मरीज को ज्यादा प्रभावित करती है। यह एक अनुवांशिक रक्त विकार है जिसमें शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं अर्द्धचंद्र (हंसिया) के आकार की हो जाती हैं। ये कोशिकाएं जल्दी नष्ट हो जाती हैं और रक्त में ऑक्सीजन की कमी कर देती हैं, जिससे शरीर में थकान, दर्द, सूजन, संक्रमण और अंगों को नुकसान हो सकता है। इसका उपचार अधिकतर सर्जिकल होता है। इस मरीज की सर्जरी थोड़ी जटिल थी, क्योंकि मरीज को सिकल सेल एनीमिया थी। मरीज के खून को चार बार ट्रांसफ्यूज किया गया। मरीज अब पूरी तरह ठीक है। यह केस इसलिए भी विशेष था क्योंकि सिकल सेल एनीमिया वाले मरीजों में ऑपरेशन के दौरान कई प्रकार की जटिलताएं आ सकती हैं। जैसे खून का थक्का, संक्रमण, और ऑक्सीजन की कमी। इसके बावजूद, पारस एचइसी की कुशल चिकित्सकीय टीम ने इस चुनौती को स्वीकार किया और मरीज को नया जीवन दिया।



**पारस एचइसी हॉस्पिटल झारखंड राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध**

पारस हॉस्पिटल एचइसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि पारस एचइसी हॉस्पिटल झारखंड राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध प्रमुख अस्पतालों में से एक है, जहां सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं बिना किसी खर्च के मिलती हैं। यह ऑपरेशन संभवतः झारखंड राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत पहला सफल पूर्ण कूल्हा प्रत्यारोपण माना जा रहा है, जो पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है।

पेसा कानून लागू नहीं होने पर आजसू पार्टी ने साधा निशाना

# सरना विरोधी हैं कांग्रेस-झामुमो पेसा कानून नहीं चाहते : आजसू

**आदिवासियों को छलने का इतिहास है कांग्रेस-झामुमो का**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी ने आरोप लगाया है कि झामुमो और कांग्रेस सरना आदिवासियों का हित नहीं चाहते, इसी कारण हेमंत सरकार पेसा कानून (पंचायत अनुसूचित क्षेत्र विस्तार अधिनियम, 1996) को हुबहू लागू नहीं कर रही है। हेमंत सरकार पेसा कानून के संबंध में 2019 और 2024 के चुनावों में किये गये वायदों को पूरा नहीं कर रही है, जिससे सरना आदिवासी समुदाय में गहरा असंतोष है। आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस सरना आदिवासी विरोधी एजेंडा पर कार्य कर रहे हैं। पूर्व में भी दोनों का इतिहास रहा है कि उनलोगों ने झारखंड की भोली भाली जनता को छलने का काम किया है और 1993 में झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी कर झारखंड राज्य निर्माण नहीं होने दिया था। उन्होंने कहा कि शराब और बालू माफिया के दबाव में झामुमो और कांग्रेस पेसा कानून को हुबहू लागू नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी मांग करती है कि हेमंत सरकार तत्काल पेसा कानून को लागू करे और झारखंड पंचायत राज अधिनियम, 2001 में आवश्यक संशोधन करे।

आजसू नेताओं ने कहा कि हेमंत सरकार पेसा कानून लागू करने में पूरी तरह विफल रही है, जो सरना आदिवासी समुदायों के स्वशासन और रूढ़िवादी अधिकारों की रक्षा के लिए बनाया गया था। यह कानून आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन पर स्वामित्व के साथ-साथ उनकी सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को संरक्षित करने का अधिकार देता है। लेकिन पांच साल बीत जाने और दोबारा सत्ता में आने के बावजूद, सरकार ने पेसा कानून को लागू करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। यह झारखंड के आदिवासियों के साथ विश्वासघात है।

# झारखंड में सारथी नेटवर्क का हुआ भव्य शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सतत विकास और न्यायसंगत ऊर्जा संक्रमण (जस्ट ट्रांजिशन) के लिए समर्पित नागरिक समाज संगठनों के साझा मंच सारथी (झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क) का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में 30 से अधिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही। यह लॉन्च राज्य में जलवायु न्याय और सतत विकास की दिशा में एक निर्णायक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

**मुख्य अतिथि अबुबकर सिद्दीकी ने ये कहा :** उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ट्रांजिशन एक अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसे रोका नहीं जा सकता लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इस परिवर्तन में हर कोई साथ चले। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर पर्यावरण और संसाधन छोड़ने होंगे। सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को साथ लेकर, स्थानीय कौशल विकास और विश्वास निर्माण पर भी ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है।

झारखंड सरकार में सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स के चेयरपर्सन रिटायर्ड आइएफएस एके स्तोगी ने कहा कि झारखंड से कोयला कई राज्यों में जाता है। प्रदेश के 18 जिलों की इकोनॉमी फॉसिल फ्यूल पर टिकी है। 70 प्रतिशत बिजली आज भी देश में कोयले से बन रही है। इसीलिए रातों-रात बदलाव नहीं आ सकता, लेकिन बदलाव लाने के लिए सारथी जैसे नेटवर्क की जरूरत है। जस्ट ट्रांजिशन के लिए एक पॉजिटिव नैरेटिव बनाने की जरूरत है। ताकि इसके प्रति लोग जागरूक हों।

नाबार्ड झारखंड के सीजीएम गौतम कुमार सिंह ने कहा कि क्लाइमेट चेंज, टिकाऊ कृषि, जलवायु समर्थ कृषि पर समुदायों के साथ काम कर रहा है। नाबार्ड 1990 के दशक से जलवायु परिवर्तन पर काम कर रहा है। झारखंड में तसर के प्लांटेशन बढ़ाने में कई संस्थाओं और समुदायों के साथ भी काम शुरू किया है। झारखंड में 250 से अधिक इपीओएस हैं। इससे किसानों को अपने उत्पाद खुद ही मार्केट करने के अवसर पैदा हो रहे हैं।

सीएमपीडीआइ के तकनीकी निदेशक शंकर नागाचारी ने बताया कि भारत सरकार ने जनवरी 2025 में माइन क्लोजर को लेकर एक समग्र गाइडलाइन जारी किया है। इसमें माइन क्लोजर के लिए इको रेस्टोरेशन, मछली पालन, माइन वाटर इरिगेशन, इको पार्क सहित कई अन्य टिकाऊ और रोजगारोन्मुखी संरचना निर्माण के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस प्लान को लेकर समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की जरूरत है।

इस मौके पर विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि वैकल्पिक आजीविका के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग करने की जरूरत है। वन उत्पादों से ग्रामीणों की आजीविका सुनिश्चित हो सकती है। फि या फाउंडेशन के निदेशक जॉनसन टोपनो ने कहा, सारथी नेटवर्क के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन ऋचा ने किया।




# दुर्घटना में हुई मां की मौत, बेटे को मिली 10 लाख की बीमा राशि




**पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से खाताधारक ने करायी थी केयर हेल्थ इंश्योरेंस की ऋण सुरक्षा पॉलिसी**

आजाद सिपाही संवाददाता


**रजरप्पा(रांची)।** शहर में रहने वाली उपासी देवी की दुर्घटना में मौत हो गयी थी। हादसे में उनकी मौत होने के बाद उनके बेटे भानू कुमार मुंडा को बैंक द्वारा बुधवार को उन्हें 10 लाख रुपये की बीमा क्लेम राशि का चैक रांची मंडल कार्यालय में मंडल प्रमुख अवधेश कुमार झा के द्वारा दिया गया। यह बीमा पूर्व शाखा प्रबंधक विजेश कुमार द्वारा किया गया था। दरअसल उपासी देवी का पंजाब नेशनल बैंक में ऋण खाता था। खाता खोलने के दौरान बैंक ने उनका केयर हेल्थ ऋण सुरक्षा बीमा भी किया था। आकस्मिक हादसे में उनकी मौत हुई तो बैंक प्रबंधन वारिस के रुप में 10 लाख रुपये की राशि का क्लेम मंजूर हुआ, बैंक ऋण की बकाया राशि काटकर शेष राशि उनके बेटे भानू कुमार मुंडा को दिया। केयर हेल्थ इंश्योरेंस के रीजनल हेड हितेश माथुर ने बताया कि इस बीमा में बैंक से लिये गये किसी प्रकार के लोन को जमा करने के बाद क्लेम राशि हितग्राही के वारिस को दी जाती है। इस दौरान बैंक के उप मंडल प्रमुख राकेश कुमार श्रीवास्तव, मार्केटिंग प्रबंधक राजेश झा, शाखा प्रबंधक विजेश कुमार, केयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के रीजनल हेड हितेश माथुर एवं उनके सहयोगी कृष्णा किशोर सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## सीएम से 16वें वित्त आयोग के सदस्यों ने की मुलाकात

# विकसित भारत का संकल्प विकसित राज्य से पूरा होगा : हेमंत सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में 16वें वित्त आयोग के सदस्यों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं 16वें वित्त आयोग के सदस्यों के बीच उनके झारखंड दौरे के कार्यक्रमों, बैठकों एवं उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों को अवगत कराया कि झारखंड की भौगोलिक संरचना ऐसी है जहां जमीनी स्तर तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं तथा सेवाओं को पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है।

**झारखंड दौरे के कार्यक्रमों, बैठक और उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा हुई**

उन्होंने कहा कि झारखंड एक खनन राज्य होने के नाते देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान देता है, परंतु यह राज्य पर्यावरण ह्रास, लोगों के विस्थापन, भूमि क्षेत्र की हानि आदि जैसी नकारात्मक चीजों का सामना करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की खनन कंपनियों द्वारा खनन के उपरांत भूमि पुनर्ग्रहण का कार्य भी सुनियोजित तरीके से नहीं हो पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वित्त आयोग के सदस्यों से कहा कि केंद्र सरकार के विकसित भारत के संकल्प को विकसित राज्य के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित राज्य, विकसित गांव के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए गांवों के विकास पर अनिवार्य रूप से फोकस रखने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यों को उसके स्थानीय आबादी की आवश्यकताओं के अनुसार वित्तीय उपयोग करने की स्वायत्तता मिलनी चाहिए क्योंकि प्रत्येक राज्य की विभिन्न जरूरतें होती हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कृषि एवं उनसे संबद्ध गतिविधियां सरकार के लिए फोकस बिंदु हैं, क्योंकि राज्य की बड़ी आबादी कृषि कार्य पर निर्भर है। राज्य ने मत्स्य पालन में अच्छा कार्य किया है। झारखंड में कृषि के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का सतत विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। राज्य के विभिन्न वर्ग-समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए वित्त आयोग का सहयोग अपेक्षित है। स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर सहित राज्य सरकार के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# वित्त आयोग की टीम ने पतरातू डैम में बोटिंग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** वित्त आयोग के टीम बुधवार को पर्यटन विहार पहुंची। जहां पर्यटक विभाग के द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ पारंपरिक झारखंडी अंदाज में उनका स्वागत किया। इस दौरान वित्त आयोग की टीम ने पतरातू डैम में बोटिंग का भी आनंद लिया। इस मौके पर वित्त आयोग के केंद्रीय सदस्य मनोज पंडा एमएस डिप्टी डायरेक्ट सिखा सिंह, मनीष गुप्ता, पर्सनल सेक्रेटरी कोमल सिंह, कांति घोष, शिखा सिंह, प्रिया शरीफ, एनी जार्ज मैथ्यू, इकोनामिक एडवाइजर प्रशांत कुमार पांडा महा प्रबंधक जेटीडीसी राजीव कुमार सिंह, अपर सचिव वित्त विभाग रांची, एसडीओ रामगढ़ अनुराग कुमार तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज गुप्ता, अंचलाधिकारी मनोज चौरसिया, लेक रिजॉर्ट प्रबंधक अरुण कुमार, थाना प्रभारी एसके गुप्ता आदि शामिल थे।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम का उद्घाटन कल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची द्वारा शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर के जीडी बिरला सभागार में सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम (भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र) के उदघाटन सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भक्तिवेदा विद्याभवन गुरुकुल, मुरी, रांची के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरु असीम दास और गुरुकुल के संस्थापक गुरु गदाधर दास का संबोधन होगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा भी उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करेंगे। इस विषय पर गुरुवार को विवि के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक स्थित बोर्ड रूम में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक और कुलपति प्रो सी जगनाथन कार्यक्रम का विस्तृत जानकारी देंगे।

# झामुमो का पक्ष रखने के लिए 11 सदस्यीय पैनल की सूची जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के निर्णय, कार्यक्रमों एवं सम-सामयिक विषयों पर समाचार चैनलों, समाचार पत्रों के माध्यम से पार्टी का पक्ष रखने के लिए 11 सदस्यीय टीम की सूची जारी कर दी गयी है। यह सूची पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से जारी की गयी है। नव-नियुक्त पैनल के सदस्यों को निर्देश दिया गया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के निर्णय, कार्यक्रम एवं सम-सामयिक विषयों पर समाचार चैनलों, समाचार पत्रों इत्यादी के माध्यम से पार्टी का पक्ष रखते समय अपने आचरण से पार्टी की मर्यादा को बनाये रखेंगे। साथ ही वे किसी नये सम-सामयिक विषयों पर केंद्रीय नेतृत्व से पार्टी के पक्ष को समझ कर ही अपना वक्तव्य और बयान जनसंवाद माध्यमों को देंगे।

### ये है झामुमो का 11 सदस्यीय पैनल

**इस सूची में सांसद सरफराज अहमद, पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, सांसद विजय हांसदा, सांसद महुआ माजी, विधायक विकास मुंडा के अलावा पंकज मिश्रा, डॉ नीलम मिश्रा, प्रो अशोक कुमार सिंह, मनोज यादव, तनुज खत्री और धीरज दुबे का भी नाम शामिल है।**

# लापता युवती का शव बड़ा तालाब से बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची की कोतवाली थाना पुलिस ने बुधवार को बड़ा तालाब से एक युवती का शव बरामद किया है।

युवती के लापता होने पर परिजनों ने मंगलवार को सुखदेव नगर थाने में गुमशुदगी की एक रिपोर्ट दर्ज करायी थी। युवती की शिनाख्त सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासी रामकुमार श्रीवास्तव की पुत्री प्रशंसा कुमारी(20) के रूप में की गयी है। पुलिस के मुताबिक युवती मंगलवार को मोबाइल फोन सेट को लेकर अपनी मां से नाराज होकर घर से चली गयी थी, जिसके बाद परिजनों ने सुखदेव नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवायी थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सुखदेव नगर पुलिस ने रात भर युवती की तलाश की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। इस बीच पुलिस को मोबाइल टावर लोकेशन से जानकारी मिली कि युवती, कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब के आसपास है, लेकिन पुलिस के वहां पहुंचने के बाद भी वह नहीं मिली।

इसी क्रम में बुधवार को युवती का शव तालाब में देखा गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची कोतवाली और सुखदेव नगर पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला। कोतवाली इंस्पेक्टर आदिकांत महतो ने बताया कि लापता युवती का शव बरामद किया गया है। मामले में थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# विशाल अपने समर्थकों के साथ झामुमो में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विशाल फोर्स संगठन समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी बाघमारा और धनबाद विशाल वाल्मीकि ने अपने पूर्व प्रत्याशियों और केंद्रीय नेताओं के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। बुधवार को योगेंद्र प्रसाद महतो झारखंड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय प्रवक्ता के समक्ष रांची में उनके आवास पर झामुमो में शामिल हुए। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कामों से युवा लगातार प्रभावित हो रहे हैं और इसी का परिणाम है कि सामाजिक संगठन के अध्यक्ष सहित तमाम लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए हैं। विशाल वाल्मीकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन के मार्गदर्शन और केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर विशाल वाल्मीकि केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी बाघमारा, प्रदीप मंडल केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी निरसा, सोनू कुमार वाल्मीकि केंद्रीय कोषाध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी झरिया, राज दुबे केंद्रीय प्रवक्ता, रंजीत कुमार स्वर्णकार केंद्रीय सचिव, शुभम साव केंद्रीय संगठन सचिव, राजू सरसत केंद्रीय महासचिव, नेहा विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा धनबाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए।

# समर कैंप में छात्राओं ने सीखी जूडो-कराटे की बारीकियां




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा की ओर से शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में आयोजित समर कैंप के तीसरे दिन नेशनल कराटे टीम के कोच सुनील किस्पोट्टा ने कक्षा सातवीं और आठवीं की बालिकाओं को जूडो कराटे की बारीकियां सिखायी। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में बच्चियों की आत्मरक्षा के लिए जूडो कराटे की शिक्षा अति आवश्यक है। जूडो कराटे की शिक्षा से छात्रायें निडर और स्वालंबी बनेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपा अग्रवाल, अलका सरावगी, अंशु नेवटिया, मधु सर्राफ, सरिता अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, रीना सुरेखा, कमला विजयवर्गीय, बबीता नारसरिया, रीता केड़िया का योगदान रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की थी जमीन कारोबारी रमेश की हत्या, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांके थाना क्षेत्र में हुए रमेश हत्याकांड का रांची पुलिस ने खुलासा कर लिया है। जमीन कारोबारी रमेश की हत्या की पूरी साजिश उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर रची थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रमेश की पत्नी सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मृतक की पत्नी तनु लकड़ा, प्रेमी शाहिद अंसारी और सतीश बैठा शामिल है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चार मोबाइल फोन, चाकू और घटना में इस्तेमाल कार बरामद की है। डीआइजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि रांची के कांके थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर में 19 मई की सुबह रमेश उरांव नाम के जमीन कारोबारी की चाकू से काटकर हत्या कर दी गयी थी। रमेश की हत्या के बाद इलाके में स्थानीय लोगों के जरिये जमकर हंगामा भी किया गया था। इसके देखते हुए एसएसपी ने हेडक्वार्टर डीएसपी वन अमर पांडेय के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर हत्याकांड में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। पुलिस की टीम ने रमेश हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। हत्याकांड में कई चौंकाने वाली जानकारियां मिली हैं।

एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि रमेश हत्याकांड को अवैध संबंध की वजह से अंजाम दिया गया था जिसमें उसकी पत्नी भी शामिल थी। टीम ने तकनीकी सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर कई जिलों जैसे रामगढ़, हजारीबाग, चतरा एवं गया (बिहार) में छापेमारी की। अनुसंधान के क्रम में कांड में सबसे पहले शाहिद अंसारी को उसके घर से ही गिरफ्तार किया गया। पुलिस को मिले कई तकनीकी साक्ष्य ने शाहिद अंसारी को शक के घेरे में रखा था। जब शाहिद अंसारी से कड़ाई से पूछताछ की गयी तब एक घिनौनी साजिश का खुलासा हुआ। गिरफ्तार शाहिद ने घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार करते हुए बताया कि रमेश उरांव के साथ काफी वर्षों से वह मिल कर जमीन का काम करता था। इस दौरान शाहिद का रमेश के घर प्रायः आना जाना होता था। इसी क्रम में शाहिद अंसारी की रमेश की पत्नी तनु लकड़ा से जान पहचान हुई और दोनों के बीच प्रेम हो गया। दोनों अक्सर मोबाइल पर घंटों बात करते रहते थे। इसी दौरान दोनों में शारीरिक संबंध भी बनने लगे। जब इस बात जानकारी रमेश उरांव को हुई तो वह अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। रमेश की प्रताड़ना से तंग आकर प्रेमी शाहिद अंसारी के साथ मिलकर रमेश की पत्नी ने उसकी हत्या की योजना बना डाली। घटना की रात रमेश और उसकी पत्नी सपरिवार अपने बच्चों के मुंडन कार्यक्रम सह रात्रि भोज में सर्वोदय नगर में शामिल होने गये। इस दौरान शाहिद अंसारी रात्रिभोज कार्यक्रम में शामिल रमेश के पल-पल की खबर अपने मित्र सतीश बैठा के माध्यम से ले रहा था, साथ ही शाहिद अंसारी रमेश की पत्नी से भी लगातार फोन के माध्यम से संपर्क में था। रमेश के कमरे की चाबी भी उसकी पत्नी ने ही शाहिद अंसारी को उपलब्ध करा दी थी। इसी बीच रमेश अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जैसे ही घर में घुसा, वैसे ही सुनियोजित योजना के तहत पत्नी वॉशरूम चली गयी। इधर रमेश जैसे ही अपने कमरे में गया तो शाहिद अंसारी ने दरवाजा खोलते ही रमेश पर चाकू से ताबड़तोड़ कई हमले किये, जिससे रमेश उरांव की मौत हो गयी। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद शाहिद हजारीबाग भाग गया। गिरफ्तार अभियुक्त शाहिद अंसारी के द्वारा दिये गये स्वीकारोक्ति बयान में उसने हत्या की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उसने हत्या का तरीका और सुनियोजित षड्यंत्र को भी विस्तारपूर्वक पुलिस से बताया।

# जातीय जनगणना को लेकर मंत्री और कुछ राजनीतिक पार्टी का बयान गैर जिम्मेदाराना : राजेंद्र प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार के एक मंत्री और एक राजनीतिक दल के नेता गैरे जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं। जो राज्य और देश हित में नहीं है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार जातीय जनगणना और राष्ट्रीय जनगणना कराने जा रही है, जो संविधान सम्मत है। प्रसाद ने कहा कि जातीय जनगणना कराने की मांग लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के अलावे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियां के नेता करते रहे हैं। जब केंद्र सरकार संविधान सम्मत जातीय जनगणना करा रही है, तो झारखंड सरकार के एक मंत्री और राजनीतिक दल के द्वारा विरोध किया जा रहा है जो गैर जिम्मेदाराना हरकत है। प्रसाद ने कहा जो नेता विरोध करेगा उसे अगड़े, पिछड़े, दलित और राज्य हित के खिलाफ माना जायेगा।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र क्र. सं. 2156 दिनांक 27.05.2025 के अनुसार, मैं उमा कुमारी पति रमेश कुमार, पता - एस. बी. आई बैंक के सामने धर्मशाला रोड चुटिया, थाना - चुटिया, जिला - राँची, झारखंड 834001 शपथ पूर्वक निम्न घोष्णा करती हूँ की
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ 2. यह कि मेरे आधार कार्ड में नाम उमा कुमारी दर्ज है। आधार सं. 3177 4576 0905 है 3. यह कि मेरे पेन कार्ड में नाम उमा देवी दर्ज है पैन नम्बर - AQQPD5960J है।
4. यह कि 'उमा कुमारी' और 'उमा देवी' एक ही महिला का नाम है जो स्वयं में ही हैं। 5. यह कि उक्त वर्णित सारी बातें मेरी जानकारी में सही है गलत पाये जाने पर सारी जिम्मेवारी मेरी होगी।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**
संख्या: RP/ECR/DNR/TRL/BRKA
दिनांक– 26.05.2025

1. कार्य का नाम एवं स्थान : Design, Supply, erection, testing & commissioning and modification of 132 KV D/C 3-phase transmission line for Barkakana/TSS under CEE/Project office of East Central Railway, 2. कार्य का अनुमानित लागत : रूपये 74586198.75/–, 3. निविदा फार्म की किमत: रूपये 0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : रूपये 522900.00/–, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक–04.06.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय–दिनांक 18.06.2025 को 15:00 बजे।, 6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in, वेवसाइट पर देखा जा सकता है।, 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता / रेल परियोजना/ दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट–खगौल जिला–पटना, पिन–801105

उप मुख्य विद्युत अभियंता
रेल परियोजना, दानापुर
पीआर/0322/प्रोजेक्ट/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/36

# भरोसा बढ़ेगा

पहलगाम में जम्मू-कश्मीर कैबिनेट की विशेष बैठक विश्वास बहाली की दिशा में अहम प्रयास है। इससे देश के लोगों में तो भरोसा जगेगा ही, सीमापार तक भी यह संदेश पहुंचेगा कि आतंकी गतिविधियां जम्मू-कश्मीर की तरक्की को रोक नहीं सकतीं।

**पर्यटक बढ़े :** सरकारी आंकड़े बताते हैं कि विशेष दर्जा खत्म होने और केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। विधानसभा में पेश रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 से 2024 के बीच 7.49 करोड़ से ज्यादा टूरिस्ट यहां पहुंचे थे। इसमें से 99.93 लाख से अधिक पर्यटकों ने घाटी की सैर की। जम्मू के मुकाबले कश्मीर का डेटा भले कम हो, लेकिन इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अच्छी बात यह रही कि इस दरम्यान कश्मीर में विदेशी पर्यटक अधिक आए, 2024 में 65 हजार से भी ज्यादा।

**डराना था मकसद :** ये आंकड़े केवल पर्यटन का हाल नहीं बताते, बल्कि साबित करते हैं कि जम्मू-कश्मीर, खासकर घाटी में चीजें सामान्य हो रही थीं। जो इलाका आतंकवाद का दंश दशकों से झेल रहा था, वह पूरे भारत के साथ कदमताल करने लगा था। आतंकी इसी पर चोट करना चाहते थे और पहलगाम हमले का मकसद यही था। इसी वजह से पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने टारगेट किलिंग कर देश में सांप्रदायिक उन्माद फैलाने की कोशिश की।

> उमर अब्दुल्ला ने नीति आयोग की बैठक में यह सुझाव भी दिया था कि पीएसयूएस के लिए कश्मीर में बैठक करना अनिवार्य होना चाहिए। साथ ही, संसदीय समितियों को भी घाटी में जाकर मीटिंग करनी चाहिए।

**आर्थिक झटका :** पहलगाम के बाद जम्मू-कश्मीर के तमाम पर्यटक स्थलों को बंद कर दिया गया था और होटल-टैक्सी वगैरह की 90% तक बुकिंग कैंसल हो गई थीं। यह झटका केवल उनके लिए नहीं है, जिनका रोजगार सीधे पर्यटन से जुड़ा हुआ है, यह चोट पूरे राज्य की आर्थिक सेहत और टूरिज्म बढ़ाने के लिए हाल के बरसों में किए गए तमाम प्रयासों पर है।

**अकेला नहीं छोड़ना :** सीएम उमर अब्दुल्ला ने ठीक कहा कि अगर हम इन जगहों पर नहीं जायेंगे तो कौन जायेगा। अगर बंदूकों से डरकर घाटी को अकेला छोड़ दिया जाता है, तो यह आतंकी मंसूबों की जीत होगी। यही तो वे चाहते हैं। उनकी गोलियों का जवाब देने के साथ-साथ यह संदेश भी पहुंचना चाहिए कि हिंदुस्तान के किसी कोने में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है।

**प्रयास बढ़ाये जायें :** उमर अब्दुल्ला ने नीति आयोग की बैठक में यह सुझाव भी दिया था कि पीएसयूएस के लिए कश्मीर में बैठक करना अनिवार्य होना चाहिए। साथ ही, संसदीय समितियों को भी घाटी में जाकर मीटिंग करनी चाहिए। ये कदम छोटे-छोटे ही सही, पर स्थानीय लोगों में सुरक्षित होने का अहसास पैदा करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस कड़ी में पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला की यह बात भी गौर करने लायक है कि केवल टूरिज्म पर निर्भर न रहकर इंडस्ट्री लायी जाये। इससे तमाम दूसरे रास्ते अपने आप खुल जायेंगे।

अभिमत
आजाद सिपाही

लोकल सर्किल्स के एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, देश के 62 से अधिक परिवारों ने कश्मीर जाने का प्लान कैंसल कर दिया। होटल और गेस्टहाउस खाली होने लगे। हमले से पहले पहलगाम में गूंज रहीं हंसी, कदमों की आहट और कैमरे क्लिक-क्लिक एकदम से बंद हो गयी। सुनायी देने लगी तो चीख-पुकार, मातम, फौजी जूतों की थाप। और धरती के इस स्वर्ग को खौफ और पहले वाले सन्नाटे ने अपने आगोश में ले लिया। यह सन्नाटा सिर्फ. व्यापार का नुकसान नहीं है। कई महिलाओं के लिए यह उनकी आय का एकमात्र स्रोत का खोना भी है।

# कश्मीरी महिलाओं के सामने फिर आया 'बड़ा संकट'



तृप्ति सिंघल सोमानी



पहलगाम, जिसे चरवाहों की घाटी के नाम से जाना जाता है, कश्मीर की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। यह खामोशी से हिमालय की गोद में बसा है, जहां बर्फीली नदियां, हरे देवदार के जंगल और दूर तक फैले घास के मैदान हैं। दुनिया भर से लोग शांति महसूस करने, टट्टू की सवारी का आनंद लेने, नदी किनारे गर्म कहवा पीने और ताजी पहाड़ी हवा में सांस लेने के यहां लिए आते हैं। इसे धरती पर स्वर्ग कहा जाता है।

इस साल, वसंत का मौसम कश्मीर घाटी के लिए विशेष था। महामारी और राजनीतिक अशांति के कारण वर्षों की खामोशी के बाद, कश्मीर का पर्यटन सीजन आखिरकार उम्मीद के संकेत दे रहा था। स्थानीय बाजार फिर से खुल रहे थे, और होमस्टे को फिर से बुकिंग मिल रही थी। क्षेत्र की अधिकांश महिलाओं के लिए पर्यटन पैसे कमाने, अपने घरों से बाहर निकलने और अपनी पहचान बनाने का एक तरीका बन गया है। वे खाने के स्टॉल चला रही थीं, प्रकृति की सैर करा रही थीं, हाथ से बने कपड़े बेच रही थीं और पर्यटकों को कढ़ाई सिखा रही थीं। धीरे-धीरे और चुपचाप, वे सम्मान और आर्थिक स्वतंत्रता का जीवन जी रही थीं।

> कश्मीर में अस्थिर परिस्थितियां सीधे तौर पर वहां के लोगों के लिए आर्थिक आघात में बदल जाती हैं।

> पूर्व के एक अध्ययन से पता चला है कि कश्मीर में पर्यटन ने महिलाओं को पैसे कमाने, नये कौशल सीखने और अधिक स्वतंत्र होने का मौका दिया है। पर्यटन का हिस्सा बनना उनके लिए काम से कहीं बढ़ कर है - यह उनकी पहचान है, उनका अस्तित्व है, मगर एक हमले ने इन महिलाओं को जिंदगी की दौड़ में फिर सबसे पीछे लाकर खड़ा कर दिया है।

लेकिन 22 अप्रैल, 2025 को एक ही झटके में सब कुछ बदल गया। उस दिन, हथियारों से लैस पांच आतंकवादियों ने पहलगाम में पर्यटकों के एक समूह पर हमला किया। यह अचानक और क्रूर था। इसमें छब्बीस लोग मारे गये और बीस से ज्यादा घायल हो गये। यह हाल के वर्षों में भारत का सबसे खतरनाक आतंकी हमला बन गया। इस खबर ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद लोगों के साथ जो हुआ - खास कर कश्मीर की महिलाओं के साथ-वह काफी हद तक अनदेखा रहा। पर्यटकों ने तुरंत अपनी यात्रा योजनाएं रद्द करनी शुरू कर दीं।

लोकल सर्किल्स के एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, देश के 62 से अधिक परिवारों ने कश्मीर जाने का प्लान कैंसल कर दिया। होटल और गेस्टहाउस खाली होने लगे। हमले से पहले पहलगाम में गूंज रहीं हंसी, कदमों की आहट और कैमरे क्लिक-क्लिक एकदम से बंद हो गयी। सुनायी देने लगी तो चीख-पुकार, मातम, फौजी जूतों की थाप। और धरती के इस स्वर्ग को खौफ और पहले वाले सन्नाटे ने अपने आगोश में ले लिया। यह सन्नाटा सिर्फ. व्यापार का नुकसान नहीं है। कई महिलाओं के लिए यह उनकी आय का एकमात्र स्त्रोत का खोना भी है। यह आत्मविश्वास और उम्मीद का नुकसान है।

अरु घाटी के पास एक छोटा सा कहवा स्टॉल चलाने वाली रुबीना की आंखों में आंसू थे जब उन्होंने कहा, हमने अभी-अभी कोविड से उबरना शुरू ही किया था। अप्रैल हमारा सबसे व्यस्त महीना माना जाता था। अब सब कुछ वापस शून्य पर आ गया है। अनंतनाग की कारीगर शबनम ने कहा, हमें आखिरकार वे पर्यटक मिल रहे थे जो हर साल हमसे खरीदारी करने आते थे। इस हमले ने सबकुछ खत्म कर दिया, पर्यटक अब डरे हुए हैं और हम फिर से पहले वाली स्थिति में पहुंच गए हैं।

पूर्व के एक अध्ययन से पता चला है कि कश्मीर में पर्यटन ने महिलाओं को पैसे कमाने, नये कौशल सीखने और अधिक स्वतंत्र होने का मौका दिया है। पर्यटन का हिस्सा बनना उनके लिए काम से कहीं बढ़ कर है - यह उनकी पहचान है, उनका अस्तित्व है, मगर एक हमले ने इन महिलाओं को जिंदगी की दौड़ में फिर सबसे पीछे लाकर खड़ा कर दिया है।

डर-खौफ के नये माहौल के बीच, अब कई महिलाओं को बाहर जाने की अनुमति नहीं है। परिवार स्थानीय बेटियों को बाजार भेजने से भी डरते हैं। महिलाओं द्वारा चलाये जा रहे होमस्टे खाली हैं। कहवा स्टॉल बंद हैं। कढ़ाई की कार्यशालाएं रुकी हुई हैं। सब कुछ फिर से जम गया है।

इस हमले का वास्तविक नुकसान हमारी नजर से परे है। इसने महिलाओं की प्रगति को छीन लिया है। इसने सार्वजनिक स्थान पर उनकी आवाज और उपस्थिति को छीन लिया है। इसने उन्हें फिर से अंधकार में धकेल दिया है। कश्मीर में अस्थिर परिस्थितियां सीधे तौर पर वहां के लोगों के लिए आर्थिक आघात में बदल जाती हैं। खास कर, महिलाओं के लिए स्थिति और भी ज्यादा बुरी हो जाती है, क्योंकि वैकल्पिक रोजगार तक उनकी पहुंच पहले से ही सीमित है।

**(लेखक अर्थशास्त्री हैं और केजीएस एडवाजर्स की सीइओ हैं।)**


## कोल्हान की खबरें

### पटमदा के दिघी गांव में अधूरी सड़क और नाली बनी दुर्घटना का कारण, लोग परेशान



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा प्रखंड स्थित दिघी गांव में हरि मंदिर के पास अधूरी पड़ी सड़क इन दिनों गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही है। बेलटांड़–रघुनाथपुर मुख्य सड़क का यह हिस्सा लगभग 100 फीट तक जर्जर अवस्था में है। जिसे मरम्मत के दौरान ठेकेदार अधूरा छोड़ गया।बीते दिनों लगातार बारिश में यह हिस्सा जलजमाव और गड्ढों में तब्दील हो चुका है। जिससे राहगीरों और खासतौर पर दुपहिया वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक हो गया है। बीते मंगलवार को बोड़ाम निवासी एवं पटमदा की बीपीओ शकुंतला महतो खुद सड़क की बदहाली का शिकार हो गयी। उन्होंने बताया स्कूटी से ऑफिस जाने के दौरान गड्ढे में पानी भरने की वजह से फिसलकर गिर पड़ीं और बुरी तरह घायल हो गईं।वही स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या कोई नई नहीं है। बीते कई दिनों से हो रही बारिश में प्रतिदिन कोई न कोई अधूरी सड़क पर फिसलकर घायल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है ठेकेदार मरम्मत कार्य अधूरा क्यों छोड़ा, इस पर कोई जवाबदेही तय नहीं हो पा रही है। विशेष रूप से यह भी उल्लेखनीय है गांव में लाखों रुपये की लागत से एक पक्की नाली का निर्माण किया गया था। ताकि पानी की निकासी ठीक ढंग से हो सके। लेकिन दुर्भाग्यवश उस नाली को सड़क या जलजमाव वाले हिस्से से जोड़ा ही नहीं गया। जिसके कारण नाली बेकार पड़ी है और पानी का बहाव सड़क पर हो रही। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की जल्द अधूरी सड़क की मरम्मत करायी जाये और नाली को जलनिकासी से जोड़ा जाये। ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगे और आम लोगों को राहत मिल सके।

### विश्व महामारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन




**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** समाज कल्याण निदेशालय रांची के निर्देश पर समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजनगर प्रखंड के एदल पंचायत में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत विश्व महामारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर जिला स्तरीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर पूर्णिमा नायक,केस वर्कर वरुणा महतो एवं जिला स्वास्थ्य विभाग की एएनएम की उपस्थिति में महिलाओं और किशोरियों को महामारी काल में स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा, एवं मासिक धर्म प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। वक्ताओं ने मासिक स्वच्छता के महत्व, संक्रमण से बचाव एवं सही खानपान की जानकारी साझा की।इस अवसर पर स्वास्थ्य पोषण आहार कैंप भी आयोजित की गई।जहां महिलाओं एवं किशोरियों को संतुलित भोजन के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही सेनेटरी पैड, स्वास्थ्य कीट, ओआरएस पाउडर का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनीमिया जांच भी किया गया। ताकि महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति की समीक्षा की जा सके। मौके पर ऐदल पंचायत के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं और किशोरियां शामिल होकर प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी दिखायी।

### झामुमो के गणेश महाली ने सड़क-नाली के निर्माण की मांग को लेकर नगर निगम को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सड़क, पक्की नाली और पेवर्स ब्लॉक निर्माण को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गणेश महाली ने नगर निगम आयुक्त रवि प्रकाश को एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं से नगर निगम प्रशासन को अवगत कराया।मौके पर उन्होंने वार्ड संख्या 6, 20, 25, 33 और 35 की विशेष रूप से चर्चा की। जहां बस्तियों में पक्की सड़कों और नालियों की गंभीर समस्या है। श्री महाली ने बताया क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय



निवासियों ने कई बार इस समस्या की जानकारी दी। बारिश के मौसम में कच्ची सड़कों और अधूरी नालियों के कारण हालात और भी खराब हो जाते हैं। पानी लोगों के घरों तक पहुंचने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। गणेश महाली ने नगर आयुक्त से आग्रह किया बरसात को देखते हुए जल्द से जल्द इन इलाकों में निर्माण कार्य शुरू कराया जाये, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में नगर आयुक्त ने आश्वासन देते हुए कहा कि नगर निगम को मिलने वाले आवेदनों के आधार पर समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है। पहले भी कई वार्डों से सड़क, नाली एवं पेवर्स ब्लॉक निर्माण को लेकर आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन्हें स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। कुछ ही दिनों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। स्थानीय लोगों को अब नगर निगम की पहल और झामुमो नेता की सक्रियता से राहत की उम्मीद जागी है।

### जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में लाइव पेंटिंग और क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने विश्व पर्यावरण दिवस से पूर्व लौहनगरी जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दो रंगारंग कार्यक्रम में लाइव पेंटिंग प्रतियोगिता और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना था। बुधवार को कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 तक के 400 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। प्राकृतिक सौंदर्य व पर्यावरण संरक्षण के महत्व को अपनी चित्रकारी के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 4 से 10 तक के 50 से अधिक छात्रों ने रद्दी व बेकार समझने वाली वस्तुओं को सुंदर और उपयोगी कलाकृतियों में बदलकर दिखाया। उन्होंने रिसाइकलिंग और रचनात्मकता से कैसे कचरे को खजाने में बदल सकती इसकी जानकारी दी। यह आयोजन टाटा स्टील ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की सहयोग से की। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय पदाधिकारी राम प्रवेश कुमार ने बच्चों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने टाटा स्टील की इस पहल को समुदाय में पर्यावरण जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। आगामी दिनों में टाटा स्टील के द्वारा सामुदायिक सफाई अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण और सतत विकास के विशेषज्ञों के साथ तकनीकी सत्र जैसे कई आयोजन भी किये जायेगे।

राष्ट्रीय सुड़ी समाज के अध्यक्ष को धमकी देने का मामला

### कांग्रेस के जिला महासचिव ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** राष्ट्रीय सुड़ी समाज (युवा प्रकोष्ठ) के केंद्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला महासचिव अजय कुमार मंडल ने राष्ट्रीय सुड़ी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष सह आरटीआइ कार्यकर्ता संघ के केंद्रीय महासचिव कृतिवास मंडल को फोन पर धमकी देने पर कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे लोकतंत्र और आरटीआइ आंदोलन पर सीधा हमला बताया। उन्होंने प्रशासन से आरोपी की अविलंब पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की। अजय मंडल ने कहा आरटीआइ कार्यकर्ता देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्हें धमकाना न केवल असंवैधानिक है बल्कि यह पारदर्शिता और जवाबदेही के अधिकार पर सीधा



प्रहार है। उन्होंने कहा ऐसी हरकतें आरटीआइ कार्यकर्ताओं की आवाज को दबा नहीं सकतीं। उन्होंने कहा शुक्रवार को राष्ट्रीय सुड़ी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी और एसएसपी से मिलकर ज्ञापन सौंप कर गंभीर मामले में निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग करेगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की पीड़ित आरटीआइ कार्यकर्ता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये, ताकि वह निर्भीक होकर जनहित में कार्य करते रहें।

### झामुमो ने कोल्हान से मनोज कुमार को सौंपी जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/ जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति ने बुधवार को पार्टी के निर्णयों, कार्यक्रमों और सम-सामयिक विषयों पर मीडिया में प्रभावी रूप से पक्ष रखने के लिए प्रवक्ताओं का नया पैनल घोषित किया है। इस पैनल में राज्य के विभिन्न जिलों से चुने गये पार्टी के सक्रिय और अनुभवी नेताओं को शामिल किया गया। राज्य के मुख्यमंत्री सह झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठित पैनल में कोल्हान प्रमंडल से विशेष रूप से मनोज कुमार यादव को प्रवक्ता की अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मनोज कुमार यादव पूर्व रणजी क्रिकेट खिलाड़ी हैं और खेल, समाज सेवा तथा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय संगठनों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए



हैं। साथ ही वे एक खेल विश्लेषक के रूप में ऑल इंडिया रेडियो और कई राष्ट्रीय टीवी चैनलों पर भी नियमित रूप से नजर आते हैं। राजनीतिक, सामाजिक और खेल जगत में उनके व्यापक अनुभव से पार्टी को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय द्वारा हस्ताक्षरित आदेश में कहा गया है कि सभी पैनल सदस्य पार्टी की गरिमा और नीतियों का पालन करते हुए मीडिया में संवाद स्थापित करेंगे।

### सिदगोड़ा चेन छिनतई मामले में चार गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की सिदगोड़ा पुलिस ने चेन छिनतई मामले का उद्भेदन करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्त में आये अभियुक्तों में मानगो टीचर्स कॉलोनी का शंकर महतो उर्फ सूरज (21), आजादनगर ओल्ड पुरुलिया रोड का विशाल सिंह उर्फ नाडू (19), मानगो गुरुद्वारा रोड का मोहित वर्मन (21) और मानगो का विशाल कुमार सोनी (31) शामिल है। वहीं मोहित वर्मन और शंकर महतो और विशाल सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है। अभियुक्तों के पास से झपट्टमार कर लुटा गया सोने के चेन का गला हुआ हिस्सा, एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल व एक पासबुक और एटीएम बरामद किया है। बुधवार को सिटी एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसके लिए लगातार सीसीटीवी खंगाले जा रहे थे। फिलहाल चारों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय की टॉपर बनी दिव्या




विशुनपरा (आजाद सिपाही)। राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विशुनपुरा के 10वीं बोर्ड की परीक्षा में छात्राओं ने बाजी मार दी है। विद्यालय की छात्रा दिव्या ने 87.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रहीं। वहीं रूपा कुमारी 87.6 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय, सुजीत कुमार गुप्ता और सिब्बा निखार ने क्रमश: 86.4 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा, सिंपी कुमारी 86.2 प्रतिशत अंक लाकर चौथा, ओमलता कुमारी 86प्रतिशत अंक लाकर पांचवां,सचिन कुमार पाल 86 प्रतिशत छठा,उज्जवल कुमार गुप्ता 85.60 प्रतिशत सातवां, रंजन कुमार एवं अनुराग कुमार क्रमश: 85.2 प्रतिशत अंक लाकर आठवां, आनंद पाल 84.60अंक लाकर टॉप टेन में स्थान बनाया है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष इस विद्यालय से 338 छात्र परीक्षा परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें 327 छात्र सफल घोषित हुए हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नागेंद्र पांडेय ने सफल छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के तनवीर आलम ने 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया





सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बीरबल में चल रहे मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल का मैट्रिक रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। विद्यालय से 18 विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया है। जबकि विद्यालय के छात्र तनवीर आलम ने 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार विद्यालय की छात्रा जूही खातून 89.8 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान हाशिल किया हैं। वहीं विद्यालय के छात्र प्रशांत कुमार ने 88. 8 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान प्राप्त किया है।

## जिपस रंजनी ने डीडीसी को पत्र लिख कर आवास योजना से वंचित लाभुकों को पहला किस्त भुगतान कराने की मांग की

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। जिपस रंजनी शर्मा ने गढ़वा डीडीसी को पत्र लिख अन्य आवास योजना से वंचित प्रखंड के बनसानी पंचायत के लाभुकों को अबुआ आवास का पहला किस्त भुगतान कराने की मांग की है। पत्र में जिला पार्षद रंजनी शर्मा ने उल्लेख किया है, कि वित्तीय वर्ष 2024 -25 में बनसानी पंचायत में कुल 161 लाभुकों को अबुआ आवास स्वीकृत हुआ था, लेकिन अभी तक लाभुको के बीच अबुआ आवास योजना का भुगतान लंबित रख बनसानी पंचायत को उक्त योजना से वंचित रखा गया है। उन्होंने डीडीसी से पत्र के माध्यम से मामले की जांचोपरांत अबुआ आवास योजना के लाभुको का लंबित पहला किस्त की भुगतान कराने की मांग की है।

## श्री बंशीधर नगर वासियों को आश्वस्त किया कि कृषि योग्य भूमि का होल्डिंग टैक्स नहीं देना पड़ेगा : विधायक



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री बंशीधर नगर पंचायत वासियों के लिए राहत भरी खबर है। अब शहर वासियों को कृषि योग्य भूमि का होल्डिंग टैक्स नहीं देना पड़ेगा। ऐसा विधायक अनंत प्रताप देव के प्रयास से संभव हुआ है। विधायक ने इस संबंध में विधानसभा के आंतरिक संसाधन समिति के समक्ष मामला उठाया था। जिसके बाद नगर विकास विभाग ने पंकज गोयल के नेतृत्व में मंगलवार को एक टीम श्री बंशीधर नगर भेजा। टीम ने परिसदन में विधायक अनंत प्रताप देव के साथ बैठक की। साथ ही कृषि योग्य भूमि पर लगे होल्डिंग टैक्स के बारे में कागजात मांगा। टीम ने बताया कि कृषि योग्य भूमि पर होल्डिंग टैक्स लेने का प्रावधान नहीं है। विधायक ने बताया कि टीम के द्वारा शहर वासियों को आश्वस्त किया गया है कि कृषि योग्य भूमि का होल्डिंग टैक्स नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही नगर पंचायत क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जायेगा। उसे मौके टीम के अब्दुल वदूद, नवनीत सिंह, जितेंद्र कुमार गुप्ता, नौरांग जोशी के अलावे कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल, झामुमो के वरिष्ठ नेता मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, राजा सिंह, बंगाली सिंह, सुधीर जायसवाल, सोहन उरांव, शुभम प्रकाश सहित कई लोग मौजूद थे।

## ऐसा जूनून पैदा करें कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गढ़वा के खिलाड़ी खेलें : अलखनाथ पांडेय



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गोड्डा में गुरूवार से आयोजित प्रथम झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला के 24 सदस्यीय टीम को संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय,अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा और संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों को रवाना किया। इस मौके पर संरक्षक अलख नाथ पांडेय ने कहा कि संघ की ओर से समर कैंप का आयोजन चल रहा है। इस कैंप में आप सभी लोगों के खेल में सुधार आया है। जिसका फायदा आपको प्रतियोगिता के दौरान मिलेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गढ़वा के खिलाड़ी खेलेंगे। इसका सपना देखा है। और उसे सपने को आप सभी को पूरा करने की जिम्मेदारी है। 24 सदस्यीय टीम में अमल कुमार ठाकुर,अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पांडेय, रौशन कुमार पाल, कार्तिक पाल, नितीश कुमार मेहता, हर्षित कुमार पांडेय, सचिन कुमार, पलक, अंजली, वर्षा रानी, आयुषी कुमारी आदि अन्य को शामिल किया गया है।

# दो बाइकों की आपस में टक्कर, दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** गढ़वा-भंडारिया मुख्य मार्ग स्थित हाटदोहर गांव के मड़वा नल के पास बुधवार को दो बाइक की आपस में टक्कर हो गयी, जिससे दोनों बाइक चालकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत्यु दानों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। मेदनीनगर के सतबरवा थाना के मुरमा गांव निवासी कृष्ण सिंह के 40 वर्षीय पुत्र नागेश्वर सिंह भंडरिया जा रहा था। गढ़वा जिला के दुबे मरठिया गांव निवासी गणेश उरांव के 22 वर्षीय पुत्र चिंटू उरांव और उसके पीछे चचेरा भाई विकास उरांव अपने बाइक से गढ़वा के दुबे मरठिया गांव आ रहा था। हाटदोहर मडवा नल के पास आपस में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक चिंटू उरांव और चालक नागेश्वर सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। धर मृतक चिंटू के भाई रमेश उरांव ने बताया कि मंगलवार को ही हम लोग दोनों भाई बलरामपुर में ड्राइवरी लाइसेंस बनाने के लिए अप्लाई किये थे। लाइसेंस लेने रामानुजगंज गये थे। लाइसेंस लेकर हम लोग रात होने के कारण बड़गड़ अपनी बहन के घर चले गये। बुधवार को सुबह बहन के घर से दुबे मरठिया के लिए जाने के लिए निकले थे। हाटदोहर के पास सामने बाइक से जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें दोनों 50 फीट की दूरी पर जा गिरे। हम भी रोड से 50 फीट दूरी पर फेंका गया था। मुझे पैर और चेस्ट में चोट लगा है। इस संबंध में थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने बताया कि आमने-सामने से दोनों बाइक चालक टकरा गये हैं, जिसमें चालक चिंटू उरांव और नागेश्वर सिंह की मौत हो गयी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों को इसकी सूचना दी गयी है।

## झामुमो ने गठित किया नया मीडिया पैनल मिथिलेश ठाकुर और धीरज को मिला स्थान

आजाद सिपाह संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पार्टी की विचारधारा, नीतियों, कार्यक्रमों और सम-सामयिक मुद्दों पर समाचार चैनलों, प्रिंट मीडिया एवं अन्य जनसंवाद माध्यमों में पार्टी का पक्ष प्रभावशाली ढंग से रखने के लिए एक नया मीडिया पैनल गठित किया है। यह पैनल झारखंड के विभिन्न जिलों से चुने गये 11 प्रतिनिधियों को लेकर तैयार किया गया है, जिनकी जिम्मेदारी होगी कि वे पार्टी की आवाज को संगठित और मर्यादित ढंग से जनमानस तक पहुंचायें।

इस नवगठित पैनल में गढ़वा जिला से दो प्रमुख चेहरों में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के सक्रिय सदस्य धीरज दुबे को शामिल किया गया है। इन दोनों नेताओं की नियुक्ति को लेकर झामुमो के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखा गया। मिथिलेश ठाकुर झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रह चुके हैं और क्षेत्रीय तथा राज्य स्तर की राजनीति में मजबूत पकड़ रखते हैं। वहीं धीरज दुबे संगठनात्मक कार्यों और जनसरोकारों को लेकर लगातार सक्रिय रहे हैं।

## किशुन राज पब्लिक हाइ स्कूल बलियारी के बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता






**कांडी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा मंगलवार को जारी मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणाम में कांडी प्रखंड के किशुन राज पब्लिक हाई स्कूल, बलियारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। विद्यालय परिवार ने परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में शशि कुमार मेहता 92.80 प्रतिशत, द्वितीय स्थान रुखसार खातून 91.80 प्रतिशत, तृतीय स्थान अमीषा शरण 91.00 प्रतिशत, चौथे स्थान पर हर्षित मिश्रा 90.80 प्रतिशत, पांचवें स्थान पर रूद्रप्रकाश दुबे, छठवें स्थान पर शुभम कुमार, सातवें स्थान पर रोहित कुमार, साक्षी कुमारी एवं नेहा कुमारी तथा नौवें स्थान पर अभिषेक कुमार मेहता तथा दसवें स्थान पर खुशी कुमारी, ज्योति कुमारी ने विद्यालय का नाम रौशन किया।

## सहकारिता पदाधिकारी को आवेदन देकर दूसरे गांव में पैक्स गोदाम बनाने की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र के पढ़ुआ गांव के ग्रामीणों ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवेदन देकर दूसरे गांव में पैक्स गोदाम बनाने का विरोध करते हुए तुरंत काम बंद करने की मांग किया है। दिये गये आवेदन में कहा गया है कि पैक्स अध्यक्ष और संवेदक के मिली भगत से पढ़ुआ का पैक्स गोदाम पतहरिया गांव में बनाने के लिए काम शुरू किया गया है जिसे अविलंब रोकने की मांग किया गया है। आरोप है कि पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह और संवेदक मिली भगत कर पैक्स गोदाम के नव निर्माण कार्य पूर्व में निर्धारित जगह जहां पूर्व में चेक स्लिप बनवाया गया था ग्राम पढुवा में नहीं बना कर पतहरिया में बनाया जा रहा है। जो नियम के विरुद्ध काम कराया जा रहा है, ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जनसंख्या पतहरिया गांव के अपेक्षा पढ़ुआ का ज्यादा है फिर भी पैक्स अध्यक्ष और संवेदक के मिली भगत से वहां निजी जमीन पर गोदाम बनाया जा रहा है जो सरासर गलत है। ग्रामीणों ने जिला सहकारिता पदाधिकारी से जांच कर उचित कार्रवाई करने का मांग किया है। आवेदन देने वालों में छोटन सिंह, मिथिलेश कुमार, राजेश प्रसाद, शिव प्रताप विश्वकर्मा, रासबिहारी, रामनाथ भुईयां, विजय यादव, कुसुम देवी, गीता देवी, रामनाथ राम, केश्वर राम, बिगन राम सहित कई लोग शामिल हैं।

# अंतिम व्यक्ति तक मानवाधिकारों के वाहक होते हैं अधिवक्ता : एसडीएम

- 'कॉफी विद एसडीएम' में शामिल हुए जिले के एक सौ अधिवक्ता
- कानून-वेत्ताओं ने विधि व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को लेकर दिये सुझाव




**'कॉफी विद एसडीएम' में विभिन्न मुद्दों को उठाया गया**

- चिनियारोड चौड़ीकरण से जुड़े मुद्दों को उठाया।
- गढ़वा अंचल कार्यालय के विरुद्ध अधिवक्ताओं ने की शिकायत।
- अवैध पार्किंग के विरुद्ध कार्रवाई की मांग।
- सार्वजनिक मूत्रालयों की मांग।
- डीजे एवं अवैध शराब के विरुद्ध की गयी कार्रवाई को मिली सराहना।
- स्टांप उपलब्धता सुनिश्चित हो।
- जलापूर्ति की तरफ रहे विशेष ध्यान।
- भूमाफियाओं पर हो त्वरित कार्रवाई।
- जिला बार कार्यालय में पेयजल समस्या को उठाया गया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' की 25वीं कड़ी में आज बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने भाग लिया। इस अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम के दौरान न केवल अधिवक्ताओं ने अपनी निजी समस्यायें रखीं बल्कि अधिवक्ता हितों के मुद्दों को उठाया, साथ ही शहर और जिले की बेहतरी को लेकर सकारात्मक सुझाव भी दिए। प्राप्त शिकायतों और सुझावों पर त्वरित निस्तारण एवं अमल करने के लिए सभी को एसडीएम की ओर से आश्वस्त किया गया।

नदी अतिक्रमण को लेकर जतायी चिंता अधिवक्ताओं ने दानरो और सरस्वतिया नदी के अतिक्रमण को लेकर चिंता जताते हुए इन दोनों जीवनदायिनी नदियों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रभावी अभियान चलाने के हेतु अनुमंडल पदाधिकारी से अनुरोध किया, एसडीएम ने सभी को बताया कि पूर्व में अभियान चलाए गए हैं, पुनः इस दिशा में निर्णायक अभियान चलाया जाएगा। कुछ लोगों ने नगर परिषद के कचरे को नदियों में डंप किए जाने की शिकायत भी की, इस पर एसडीएम के द्वारा बताया गया कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट प्रगति पर है और इसके बाद डंपिंग स्थल का स्थाई हल हो जायेगा। साथ ही जो कचरा अभी नदी तट पर पड़ा हुआ है उसको रीसायकल करने के लिए नगर परिषद लगातार कार्य कर रहा है।

**अवैध वाहन प्लेटों के विरुद्ध अभियान की मांग :** अधिवक्ता कृष्ण राजन कुमार एवं उनके साथियों ने सुझाव दिया कि वाहनों पर लगायी गयी अवैध नेम प्लेटों के विरुद्ध जिला परिवहन कार्यालय और पुलिस के समन्वय से एसडीएम के स्तर पर अभियान चलाते हुए कार्रवाई की जाए। मौके पर अनुमंडल क्षेत्र के लगभग 100 अधिवक्ता मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, कहा

# नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिले के सभी विभागों के वरीय और वर्त्तमान पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करना, जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाना और विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना था।

बैठक में उपायुक्त श्री यादव ने सभी अधिकारियों से अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट साझा करने को कहा और योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं गति बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने विकासात्मक योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा, जनसुनवाई की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाना, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जलापूर्ति पर विशेष ध्यान देना सहित अन्य निर्देश दिए। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक में उपविकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज माहेश्वरम, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी क्रमशः संजय कुमार, रूद्र प्रताप तथा प्रभाकर मिर्धा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, भूमि सुधार उप समाहर्ता रंका प्रमेश कुशवाहा सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## डीसी ने श्रीबंशीधर मंदिर और राजा पहाड़ी मंदिर में मत्था टेका



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। जिले में नवपदस्थापित उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने आज बुधवार को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों श्रीबंशीधर मंदिर और राजा पहाड़ी मंदिर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजा-अर्चना की और आम श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा मंदिर के समग्र विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली।

## गढ़वा विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं, बिजली समस्या पर ऑन स्पॉट विभाग के अधिकारी से की बात



**मेराल (आजाद सिपाही)।** विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी बुधवार को मेराल प्रखंड मुख्यालय में अपने प्रतिनिधि डॉ लालमोहन के घर पहुंच कर घर परिवार का हाल जाना। बता दें कि डॉ लालमोहन के इकलौते पुत्र का निधन बीते 19 मई को वज्रपात की घटना में हो गया था। विधायक के आगमन की सूचना पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष तथा अन्य कई कार्यकर्ता और ग्रामीण पहुंच गए। सभी से विधायक श्री तिवारी ने कुशल सम पूछा तथा क्षेत्र का हाल जाना। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि नेनुआ मोड़ के पास 11 हजार वोल्ट का बिजली के तार 5 फीट की ऊंचाई पर है जिससे हमेशा खतरा बना रहता है। यहां पोल लगाकर तार ऊंचा करने की मांग पर पर विधायक श्री तिवारी ने ऑन स्पॉट जाकर स्थल निरीक्षण किया तथा मौके से ही बिजली विभाग के अधिकारी से फोन पर बात कर यहां नया पोल लगाकर तार को ऊंचा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष रूपू महतो, मनोज जायसवाल, कृष्णा कुशवाहा, गढ़वा विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रामाकांत गुप्ता, लक्ष्मी पांडेय, रविंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद गुप्ता, कंचन पांडेय, खुर्शीद अंसारी, धनंजय चौधरी, सोबरन महतो, राजेंद्र गुप्ता सहित कई लोग थे।


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला**
**E-Mail ID:- scogumla6@gmail.com**

**आम सूचना**

1. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, राँची द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 20224–25 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना के तहत् कृषक समूह / व्यक्तिगत कृषक को अनुदानित दर पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0 | कृशि यंत्र का नाम | भौतिक लक्ष्य टी0एस0पी0 | अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,लघु एवं सीमान्त किसान महिला लाभुक को व्यक्तिगत अनुदान पर कृषि यंत्र वितरण: Maxium permissible subsidy per Machine/Equipment per beneficiary (Rs. In Lakh) | Pattern of Assistance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tractor 4WD (08-20 PTO HP) | 05 | रु0 2.25 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 2 | Tractor 2WD (20-40 PTO HP) | 16 | रु0 2.50 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 3 | Self Propelled Weeder (below 2 bhp) | 05 | रु0 0.25 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 4 | Self Propelled Weeder (Above 2 bhp) | 02 | रु0 0.35 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 5 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | 02 | रु0 1.5 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 6 | Self Propelled Crop Reaper(4 Rows) | 05 | रु0 0.75 लाख प्रति इकाई | 50% |
| | Tractor ( Below 20 BHP) driven | | | |
| 7 | MB plow(Single Bottom) | 03 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 8 | Cage Wheel | 05 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 9 | Cultivator | 05 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 10 | Multi Crop Treashers | 03 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 11 | Paddy Treasher | 03 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई | 50% |
| | Tractor ( Above 20-35 BHP) driven | | | |
| 12 | MB plow(Single Bottom) | 03 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 13 | Cage Wheel | 16 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 14 | Cultivator | 16 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 15 | Multi Crop Treashers | 03 | रु0 0.40 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 16 | Paddy Treasher | 03 | रु0 0.40 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 17 | Rotovator upto 5 feet | 06 | रु0 0.35 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 18 | Rotovator 5 feet | 02 | रु0 0.42 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 19 | Rotovator 6 feet | 11 | रु0 0.45 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 20 | Rotovator 7 feet | 02 | रु0 0.48 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 21 | Mini Rice Mill | 0 | रु0 2.40 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 22 | Mini Dal Mill | 01 | रु0 1.50 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 23 | Manual Sprayer Knapsack/Battery Operated sprayer | 11 | रु0 0.0075 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 24 | Solar Operated Knapsack Sprayer | 09 | रु0 0.018 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 25 | Powered Knapsack Sprayer/Po wer Operated Sprayer (Capacity 8-12 lts) (≤0.75 hp engine) | 11 | रु0 0.031 लाख प्रति इकाई | 50% |

**कृषि उपकरण बैंक की स्थापना**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ (कृषक समुह हेतु) | 05 | 80 प्रतिशत या 8.00 लाख रु0 (प्रति कृषि उपकरण बैंक ईकाई लागत 10 लाख रुपये।) | 80% |

**लाभुक का चयन**

1. इस योजना के कार्यन्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त स्वंय सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. जिन कृषक समूहों एवं कृषको द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्द्रीय प्रायोजित / राज्य योजना के माध्यम से कृशि यंत्र प्राप्त किया गया हो उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
3. इस योजना के तहत् प्रत्येक कृषक का एक वित्तीय वर्ष में एक ही आवदेन स्वीकार होगा एवं एक आवेदन पर कृषक कोई तीन अलग–अलग कृशि यंत्र ले सकेंगे।
4. कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु प्राप्त आवेदनों की जॉचोपरान्त उन पर सम्बंधित ग्राम सभा से अनुशंसा प्राप्त कर चयन प्रकिया की जायेगी।
5. आवेदन भूमि संरक्षण कार्यालय गुमला प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 10.06.2025 निर्धारित की जाती है।

**विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**
**कार्यालय का पता:– भूमि संरक्षण कार्यालय, गुमला संयुक्त कृषि भवन गुमला**

ह0/
भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
गुमला

PR 353684 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)25-26*D

## भाजपा खलारी मंडल के पदाधिकारियों ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से की मुलाकात



खलारी (आजाद सिपाही)। भाजपा खलारी मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से रांची स्थित उनके आवास में मुलाकात की। इस दौरान सभी की ओर से उनके सफल विदेश दौरे से लौटने पर उन्हे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी गयी। साथ ही खलारी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर सांसद संजय सेठ के साथ विशेष चर्चा किया गया। इस मौके भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझू, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता, जितेंद्रनाथ पांडे, लपरा पंचायत मुखिया पुतुल देवी आदि उपस्थित थे।

## कुकड़ू प्रखंड मुख्यालय में हुआ पलाश आजीविका दीदी कैफे का उद्घाटन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। कुकड़ू प्रखंड कार्यालय परिसर में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तहत पलाश आजीविका दीदी का उद्घाटन बुधवार को हुआ। इस कैफे का संचालन मां तारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जायेगा, जो ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, कुकड़ू सीओ सत्येंद्र नारायण पासवान और प्रखंड प्रमुख प्रतिमावाला पातर ने फीता काटकर इस पहल की शुरूआत की। मौके पर जेएसएलपीएस के एफटीसी देव नारायण महतो, कैफे संचालिका मानसी रजक, सानू कुमार आदि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

## कांग्रेस नेताओं ने जिला टॉपर वर्षा को किया सम्मानित



खूंटी (आजाद सिपाही)। मैट्रिक परीक्षा में जिला टोपर संत अन्ना कॉन्वेंट स्कूल तोरपा की छात्रा तोरपा प्रखंड की दियांकेल पंचायत के बड़रू टोला निवासी वर्षा कुमारी को युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कुणाल कमल कच्छप, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कैसर खान, पूर्व उप मुखिया मनोज यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी पवन साहू, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष पपलू खान ने उपहार देकर प्रोत्साहित किया। मौके पर वर्षा कुमारी के पिता हरि स्वांसी, माता सुषमा देवी ने कांग्रेस के पदाधिकारी के समक्ष अपनी गरीबी का बयान करते हुए कहा कि मेरी पुत्री आगे की पढ़ाई कर इंजीनियर बनना चाहती है, लेकिन मजदूरी कर आगे की पढ़ाई की चिंता सता रही है। इस संदर्भ में तोरपा के कांग्रेस नेताओं द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आगे की पढ़ाई के लिए यथा संभव मदद दी जायेगी।

## राजकीयकृत उच्च विद्यालय बचरा के प्रिंस 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बने




पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के राजकीयकृत उच्च विद्यालय बचरा ने माध्यमिक वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए गौरवपूर्ण सफलता अर्जित की है। कुल 163 विद्यार्थियों में से 149 ने सफलता प्राप्त की, जिससे विद्यालय का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 91.5 प्रतिशत रहा। केवल 14 विद्यार्थी असफल घोषित किए गए।स्कुल के 61 विद्यार्थी प्रथम, 83 विद्यार्थी द्वितीय और पांच विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे। यह प्रदर्शन विद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता और छात्र-छात्राओं की मेहनत का परिणाम है। विद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र प्रिंस कुमार रहे, जिन्होंने अंक 87.2 प्रतिशत प्राप्त किए।इसके अलावा मोजिहिदा प्रवीण 81.4 प्रतिशत, शोभा कुमारी 80.6 प्रतिशत, रुद्र कुमार गुप्ता 80 प्रतिशत, पूजा कुमारी 79.6 प्रतिशत, मानसी कुमारी 79.4 प्रतिशत, रिया कुमारी 79.2 प्रतिशत, कुमार नारायण 78.2 प्रतिशत, शालिनी कुमारी 77.8 प्रतिशत और प्राची कुमारी 76.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

## शिक्षक और छात्रों ने निवर्तमान एसपी को दी विदाई



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी के निवर्तमान पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के स्थानांतरण की खबर आने के बाद मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें विदाई दी। निदेशक सकलदीप भगत और छात्राओं ने पुष्प गुच्छ देकर उनको शुभकामनाएं दी। सकलदीप भगत ने कहा कि क्षेत्र में अधिकारियों का आना-जाना तो लगा रहता है, पर ऐसे अधिकारी विरले होते हैं, जो सर्व प्रिय हों। प्रशासनिक और भावनात्मक तौर पर पुलिस अधीक्षक अमन की तरफ से मिला सहयोग ग्रामीण क्षेत्र के छात्र- छात्राओं के प्रदर्शन में साफ तौर पर परिलक्षित होता है। छात्राओं को पुलिस अधीक्षक ने सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मौके पर छात्राएं आसना प्रियंका तथा रिया मौजूद थी।

## गुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया



खूंटी (आजाद सिपाही)। संत सद्गुरू महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज का 40 वां महापरिनिर्वाण दिवस बुधवार को शांतिपुरी और मलियादा आश्रम में मनाया गया। सत्संगियों ने प्रातः काल में ही आश्रम पहुंचकर सद्गुरु के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में ध्यानाभ्यास किया गया, तत्पश्चात गुरुदेव की जीवनी और उपदेशों पर प्रकाश डाला गया। स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने कहा कि गुरुदेव महाराज ने मानव कल्याण कें लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। गुरुदेव ने हमें जीवन जीने का सही मार्ग बताया है, कहा कि स्वावलंबी जीवन जीना चाहिए, सद्कर्म करने चाहिए और भक्ति सदैव करनी चाहिए। सद् गुरुदेव ने कहा है कि दुनिया बनाने वाले को कुछ नहीं चाहिए, बस मानव में मानवता रहे, लोग सभी जीवों पर दया करें, साथ ही झूठ, चोरी, व्यभिचार, नशा और हिंसा करने से से बचें। उन्होंने कहा कि सदगुरुदेव मानव रूप में भगवान होते हैं। हमेशा सही मार्ग बताते हैं। ,अतः उनके बताए मार्ग पर सदा चलना चाहिए। मौके पर डॉ डीएन तिवारी, संजय सत्संगी, मुरली ब्रह्मचारी, दिगंबर दास, रामहरि साव, सगुनदास, मुचीराय मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

# पिता ने लाठी से मार कर पुत्र की हत्या की

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** बुंडू थाना क्षेत्र के मांझी टोली (उरांव टोली) में घरेलू विवाद में पिता ने लाठी से मारकर पुत्र की हत्या कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मांझी टोली निवासी शंभू तांती उर्फ छोटू तांती पिता कृष्णा तांती उम्र 25 वर्ष हमेशा शराब का सेवन करता रहता था। उसकी शादी 2019 में तमाड़ के रड़गांव में हुई थी। शादी के बाद शंभू तांती शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ हमेशा मारपीट करता रहता था उसका एक 3 वर्षीय पुत्र भी है। उसकी पत्नी प्रताड़ना से तंग आकर कुछ माह पूर्व अपने बच्चों के साथ मायके चली गयी थी। कुछ दिन पहले एक शादी समारोह में अपने बच्चों के साथ बुंडू आयी थी, जहां शंभू तांती अपने पुत्र को अपने पास रख लिया। घटना के दिन शंभू तांती शराब के नशे घर में रस्सी के सहारे अपने पुत्र तथा स्वयं फांसी लगाने की तैयारी कर रहा था। शंभू तांती के पिता कृष्णा तांती उम्र 42 वर्ष ने देखा तो अपने पोते को बचाने के लिए गया, जिससे गुस्सा होकर शंभू तांती अपने पिता कृष्णा तांती को गाड़ी के चाबी से वार कर घायल कर दिया। इस बीच कृष्ण तांती को घर का चौखुंटा का टुकड़ा (एक प्रकार की लकड़ी) हाथ लगने पर उसी से शंभू तांती के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस प्रशासन को देर रात लगभग 7:30 बजे पता चलने पर घटना स्थल पर पहुंची, उसके बाद रात लगभग 10:30 बजे फोरेंसिक विभाग को बुलाकर घटना की जानकारी दी गयी। रात में ही शंभू तांती के पिता कृष्ण तांती को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रशासन के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर थाना लाया गया, जहां से बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा दिया जायेगा।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामुदाग देवम भगत 92.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टापर बना



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा का मंगलवार को परिणाम जारी होते ही सोनाहातू प्रखंड में विद्यार्थियों ने खुशी से झूम उठे। वहीं, पूरे सोनाहातू प्रखंड में उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामुदाग के छात्र देवम कुमार भगत 92.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टापर बना। इधर राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय लांदुपडीह की छात्रा रोशनी कुमारी 90.6 अंक लाकर द्वितीय टापर और रितु कुमारी 90.2 अंक लाकर तृतीय टापर बनी है।

इधर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू की छात्रा पूजा कुमारी 90.80 प्रतिशत, खुशबू कुमारी 90.40 प्रतिशत, पिंकी कुमारी 89.80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय की टॉपर बनी है। हाई स्कूल दुलमी - बोंगादार के गणेश पुराण 86.20 प्रतिशत, सुजीत पुराण 83.40 प्रतिशत, विनय पुराण 83.20 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना है।

## वनवाडीह उत्क्रमित उच्च विद्यालय का मैट्रिक रिजल्ट 80 प्रतिशत रहा

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली प्रखंड के वनवाडीह उत्क्रमित उच्च विद्यालय का मैट्रिक रिजल्ट 80% रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में कुल 63 छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें 50 छात्र छात्राएं सफल हुए। 32 प्रथम श्रेणी और 18 द्वितीय श्रेणी में पास किया और 13 छात्र-छात्राएं असफल रहे।

## जनता उच्च विद्यालय प्लस 2 की छात्रा जोया विद्यालय टॉपर बनीं

खलारी (आजाद सिपाही)। जैक दसवीं बोर्ड परीक्षा में जनता उच्च विद्यालय प्लस 2 खलारी के कुल 145 परीक्षार्थी शामिल हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 83.4 प्रतिशत रहा तथा 121 छात्र उर्तीण हुए। जिसमें प्रथम श्रेणी 30, द्वितीय श्रेणी 49 और तृतीय श्रेणी 42 छात्र रहे। विद्यालय की छात्रा जोया मुबासरीन 76.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय की टॉपर रही। वहीं द्वितीय स्थान पर मानसी कुमारी को 76.4 प्रतिशत और तृतीय स्थान पर तस्कीन जाहना को 73.2 प्रतिशत अंक मिला।

## झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खलारी की छात्राओं का रहा बेहतरीन प्रदर्शन

खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खलारी में जैक दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्राओं का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। विद्यालय की छात्रा अंजली कुमारी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर रही। वहीं द्वितीय स्थान पर अनु कुमारी को 73.8 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर जुली कुमारी को 70.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए।

## जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मैकलुस्कीगंज का जैक दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा दशवीं बोर्ड परीक्षा में जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मैकलुस्कीगंज का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम श्रेणी से 9, द्वितीय श्रेणी से 7 और तृतीय श्रेणी से 4 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। अमृता कुमारी 79.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। माही कुमारी 76.6 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान पर और प्रिया कुमारी 65.8 प्रतिशत लाकर तृतीय स्थान पर रही।

# विधायक रोशनलाल ने खपिया में सिंचाई योजना का शिलान्यास और ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी ने बुधवार को पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडु पंचायत का दौरा किया। इस दौरान स्थानीय भाजपा और आजसु के कार्यकर्ताओं ने विधायक रोशनलाल चौधरी का जोरदार तरीके से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कई योजना का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। वहीं बुंडू पंचायत के अंतर्गत भगत मोड बाजारटांड एवं दूधीगड़ा टोला में 100 केवीए का दो ट्रांसफार्मर का विधिवत फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस संबंध में विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी पंचायत के मोहल्ला और टोला में विकास कार्य को आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने उनसे मुलाकात कर कई समस्या से उन्हें अवगत कराया। वहीं समस्या सुनने के बाद विधायक रोशनलाल चौधरी ने इसके समाधान का भरोसा दिया। इस अवसर पर पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल, पंचायत समिति सदस्य रंजीत तुरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो, जितेंद्र साहू, नारायण साहू, रविशंकर जायसवाल, चतुर्भुज शर्मा, इंद्रदेव शर्मा, विनोद शर्मा, राजू साह, गणेश बंसल, हीरा महतो सहित काफी संख्या में भाजपा व आजसु के कार्यकर्ताओ के साथ सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

# डालसा सचिव अपर्णा ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के छात्रों को किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, एक बार फिर से गौरव के क्षण का गवाह बना। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) की सचिव अपर्णा कुजूर बुधवार को विद्यालय पहुंचीं और बच्चों की उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय को दो इंडियन राउंड तीरंदाजी धनुष प्रदान किये, ताकि यहां के प्रतिभाशाली तीरंदाजों को बेहतर संसाधन मिल सके और वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने हाल ही में मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इनमें अगापित टोप्पो (87 फीसदी), कृष्णा साहू 84 फीसदी और एंथोनी डोद्रय (84 फीसदी प्रमुख हैं। डालसा सचिव इससे पहले भी विद्यालय का दौरा कर चुकी हैं और उन्होंने यहां के बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन और उपलब्धियों से प्रभावित होकर ही इस बार पुनः दौरा किया। मौके पर विद्यालय की वार्डन प्रतिमा देवी, शिक्षक रवि कुमार, स्टाफ सूमी, तीरंदाजी कोच आशीष कुमार, और मोनिका कुमारी, झोंगो पाहन, सुधीर सांगा, अमर हस्सा, लक्ष्मी परधिया एवं कई उभरते हुए तीरंदाज उपस्थित थे।

## मैट्रिक परीक्षा में खूंटी जिला टॉपर को विधायक ने किया सम्मानित



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने बुधवार को मैट्रिक परीक्षा में खूंटी जिला टॉपर बनी वर्षा कुमारी को सम्मानित किया। उन्होंने वर्षा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा अपने हाथों से वर्षा को मिठाई खिलाई। उन्होंने कहा कि वर्षा की सफलता ने हम सबको गौरान्वित किया है। विधायक सुदीप गुड़िया के निर्देश पर झामुमो नेताओं ने मैट्रिक की परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान पाने वाली जेनेट तोपनो को भी सम्मानित किया। उसे भी शॉल ओढ़ाया गया तथा मीठीई खिलाई गयी। जिला टॉपर वर्षा कुमारी तथा जिले में तीसरा स्थान पाने वाली जेनेट तोपनो के परिवार की माली हालात ठीक नहीं है। आगे की पढ़ाई में दिक्कत हो रही है.। इसकी जानकारी विधायक को मिली, तो उन्होंने कहा कि इनके आगे की पढ़ाई में पैसा बाधक नहीं बनेगा। आगे पढ़ाई के लिए हर संभव मदद दी जायेगी। नामांकन फीस के साथ किताब आदि की व्यवस्था की जायेगी। विधायक सुदीप गुड़िया के इस कदम से दोनों परिवारों ने उनका धन्यवाद किया। सम्मानित करने वालों में प्रखंड अध्यक्ष रोबिन तोपनो, जिला परिषद सदस्य और झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सुशांति कोनगाडी, बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अमृत हेमरोम, प्रदीप केशरी, फिरोज खान आदि उपस्थित थे।

## राहे धोबी मुहल्ला में नाली निर्माण को लेकर क्रमबद्ध तरीके से होगा आंदोलन



राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के धोबी मुहल्ला राहे में अत्यधिक जल जमाव से ग्रामीणों को हो रही परेशानी की जानकारी पर जेएलकेएम के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो मुहल्ले के लोगों से बैठक कर रण नीति बनाई है। मुहल्ले में जल जमाव और पानी निकासी की मांग को लेकर प्रखंड, अंचल ओर डीसी के समक्ष मांगपत्र देने की बात हुई। मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में प्रखंड कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। मुहल्ले में जल जमाव होने के साथ बारिश में पूरे मुहल्ले को डूबने का खतरा मंडरा रहा है। समय रहते समाधान करने पर राहत मिलेगी।

## हाथी ने कई घरों को किया क्षतिग्रस्त



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु गांव में दो हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने रंजीत साहू का सरकारी राशन दुकान का दरवाजा तोड़कर दुकान में रखे चावलों को अपना निवाला बनाया। हाथियों ने गीता देवी का खपड़ैल घर का छप्पर को तोड़ दिया एवं घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं हाथियों ने कार्तिक दास, मृत्युंजय दास सहित कई ग्रामीणों का घर व दरवाजा को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं समाजसेवी किरीटी दास ने कहा कि वन विभाग भटके हाथियों को क्षेत्र से भगाएं और क्षतिग्रस्त घरों का समुचित मुआवजा दे। बताया जा रहा है कि कुटाम पहाड़ में 5 -7 कि संख्या में हाथियों का झुंड डेरा जमाया हुआ है। शाम ढलते ही हाथियों का झुंड गांव की ओर कुच कर जाते हैं। वहीं हाथियों ने मकानों व फसलों को अपना निशाना बना रहे हैं। हाथियों का झुंड लगातार सालुकडीह,चोगाटांड़ , डुमरा,सितु सहित आस पास के गांवों में उत्पात मचाते हैं, जिससे लोग दहशत के साए में जीने को मजबुर है। वन विभाग द्वारा टार्च, पटाखा और जला मोबिल का वितरण करने का मांग भी ग्रामीणों ने किया है।

## खूंटी के नये एसपी के रूप में मनीष टोप्पो ने पदभार ग्रहण किया

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी के नये एसपी के रूप में मनीष टोप्पो ने बुधवार को अपना पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे रांची के ग्रामीण एसपी, सरायकेला जिला के एसपी और स्पेशल ब्रांच के एसपी के पद पर कार्य कर चुके हैं। खूंटी में एसपी का पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से संक्षिप्त वार्ता में उन्होंने कहा कि फिलहाल नक्सलवाद और उग्रवाद की घटनाओं में कमी आई है। बावजूद जो भी बचे खुचे नक्सली और उग्रवादी हैं, उनका पूरी तरह से सफाया करना और अपराध पर पूरी तरह से अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि खूंटी आदिवासी बहुल जिला है। यहां महिलाओं पर डायन बिसाही से संबंधित अपराध होते हैं। महिलाओं पर होने वाले ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही मानव तस्करी पर भी रोक लगाने का प्रयास किया जाएगा। इससे पूर्व खूंटी पहुंचने पर एसपी कार्यालय में खूंटी एवं तोरपा के एसडीपीओ सहित जिला के तमाम पुलिस अधिकारियों ने बारी-बारी से नए एसपी को बुके देकर उनका स्वागत किया।

## आइएएस बनना चाहता है सूरज कुमार साहू



सिल्ली (आजाद सिपाही)। मैट्रिक की परीक्षा में आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर मुरी के छात्र साहु प्रखंड में सेकेंड टॉपर रहा है। वहीं जिला में 7वां रैंक रहा। उसने 96 प्रतिशत कुल 480 अंक लाकर विद्यालय और प्रखंड का सेकेंड टॉपर बना। इसके इस सफलता से परिवार के साथ विद्यालय परिवार में भी खुशी की लहर है। सुरज ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता- पिता और बड़े भाई विकास कुमार साहू के साथ स्कूल के शिक्षकों को दिया है। वह आगे की पढ़ाई कर आइएस बन कर देश की सेवा करना चाहता है। उनसे पिता सीता राम साहु व्यवसायी है और मां रीना देवी गृहणी है। सुरज ने बताया कि वो विद्यालय की पढ़ाई उनके लिए पर्याप्त थी फिर भी उन्होंने परिक्षा के तैयारी के लिए आनलाईन क्लास भी किया था। वहीं उन्होंने कहा उसके भाई भी आरटीसी स्कूल से मेट्रीक परिक्षा पास की थी और उनका भी जिला में सातवां रैंक। परिवार में दो चचेरी बहन भी जो विद्यालय में हमेशा टॉप करती हैं। कुल मिलाकर घर में पढ़ाई का माहौल ही मुझे कामयाबी तक पहुंचाया है।

## अधिकार मित्र ने दिव्यांग बच्चों को की मदद

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत आमड़ा गांव निवासी खुर्देश अली का पुत्र उजीर अंसारी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं होने के कारण सरायकेला सदर अस्पताल में उपचार कराने हेतु अधिकार मित्र गंगा सागर पाल और रामजान अंसारी ने मदद किया। अधिकार मित्र गंगा सागर पाल ने बताया कि दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने हेतु भी आवेदन जमा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के हर लोगों को शत प्रतिशत सरकारी योजना के लाभ प्रदान करना हमारा उद्देश्य है।

## विधायक के पहल पर मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए गुरा कालिंदी को मिला एक लाख का चेक



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के गौरांगकोचा निवासी गुरा कालिंदी के पांच बर्षीय पुत्री आनंदा कालिंदी लीवर की समस्या से ग्रसित है। चिकित्सकों द्वारा अभिलंब ऑपरेशन की सलाह दी गयी है। इस बात को गुरा कालिंदी ने विधायक सविता महतो को बताया और ईलाज में मदद करने का आग्रह किया। विधायक सविता महतो ने मामले को गंभीरता से लेकर मुख्यमंत्री राहत कोष से आनंदा कालिंदी के ईलाज के लिए एक लाख रुपये का चेक उनके पिता गुरा कालिंदी को सौंपा। उक्त बात कि जानकारी झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो ने दी।

## केंद्रीय मंत्री और विधायक ने किया पुल-सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

# सड़क-पुल गांव के विकास का आधार: संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकारनगर विकास एवं आवास विभाग क्षेत्र अंतर्गत नगड़ी प्रखंड के विभिन्न गावों में बुधवार को कुल चार विभिन्न जगहों पर सड़क एवं पुल का शिलान्यास हुआ। इस दौरान केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, मुखिया मंगल उरांव, संजय उरांव और पंसस करूणा देवी ने न्यू लालगुटवा के विभिन्न जगहों शिलापट्ट रखकर शिलान्यास किया। इसमें नया सराय रोड में टुंडुल नदी पर पुल निर्माण कार्य और लालगुटवा में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य एवं पुल का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि इस पुल के निर्माण की मांग ग्रामीण काफी समय से कर रहे थे। इसके बन जाने से आसपास के गांवों के लोगों को काफी सुविधा होगी। कहा कि सड़क और पुल गांव के विकास का आधार है। हमें मिलकर रांची में विकास की गंगा बहनी है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया कि उनकी कोई भी समस्या हो तो हमें अवगत कराए। हम उसका निदान करने का प्रयास करेंगें। उन्होंने अपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए क्षेत्र के लोगों को बधाई दी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारे तीनों सेनाओं ने मिलकर सफलता दिलायी है, जो बधाई के पात्र है। वहीं, विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हटिया को आदर्श विधानसभा बनाना मेरा संकल्प है। सड़क और पुल कैसे बन रहे है इसकी देखरेख आम लोग जरूर करें। वहीं, संवेदक कार्य को समय पर पूरा करें। गुणवत्ता का भी ध्यान रखें। इस पुल के निर्माण से आसपास के गांव में लोगों को आने जाने में काफी सुविधा होगी। इस मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि बजरंग महतो, समाजसेवी लाल प्रमोद सिंह, कुणाल शाहदेव, रामजी प्रसाद संजय लिंडा, मुखिया करुणा देवी, पंसस बजरंग महतो मंगल मुखिया प्रामोद नाथ शाहदेव, कुणाल शाहदेव, कमलेश अहोदार, बिपीन खलखो, दिलीप तिर्की, अरुण केरकेट्टा, अंकित सिंह आदि मौजूद थे।


नगड़ी के टूंडुल में पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास करते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक नवीन जायसवाल।

## 'विकसित कृषि संकल्प' अभियान का शुभारंभ आज से

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी रामकृष्ण मिशन आश्रम स्थित दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से गुरुवार से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ होने जा रहा है, जो 12 जून चलेगा। इसके तहत रांची जिले के 135 गांवों में ग्राम स्तर पर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर रांची केवीके की ओर से तीन अलग-अलग टीम का गठन किया गया है। जिनमें वैज्ञानिकों के साथ ही प्रगतिशील किसान भी शामिल हैं। प्रतिदिन प्रत्येक टीम की ओर से तीन-तीन गांवों में भ्रमण कर किसानों को नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इस तरह प्रतिदिन कुल 9 गांवों में अभियान संचालित होगा। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को प्रति हेक्टेयर उत्पादन में वृद्धि के लिए उन्नत बीज, आधुनिक तकनीकें, वैज्ञानिक खेती, जैविक खेती, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और फसल विविधीकरण जैसे विषयों पर जागरूक किया जाएगा। इस अभियान में मुख्य रूप से कृषि वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ राजेश कुमार, डॉ भरत महतो, डॉ नेहा राजन, डॉ विशाखा सिंह और डॉ रवींद्र सिंह की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इन वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में 'लैब टू लैंड' की अवधारणा को साकार करते हुए किसानों तक उन्नत तकनीकों को पहुंचाया जा रहा है। डॉ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रयास किसानों की आमदनी को दोगुना करने और कृषि को आत्मनिर्भर व आधुनिक बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस अभियान में वैज्ञानिकों के साथ ही राज्य के कृषि विभागों के अधिकारी और प्रगतिशील किसान भी भाग लेंगे। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास को बढ़ावा देना एवं खरीफ फसल की तैयारी में किसानों की सहायता करना है। यदि किसानों के खेतों में प्रति हेक्टेयर उत्पादन में 1 क्विंटल की भी वृद्धि होती है, तो यह अभियान अत्यंत सफल एवं सार्थक सिद्ध होगा।

## सेना के गौरव और मनोबल को बनाये रखना हर भारतीय का कर्तव्य : वीरेंद्र कुमार सिंह

**ऑपरेशन सिंदूर कप क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू**

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित ऑपरेशन सिंदूर कप क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत बुधवार को टाटीसिलवे स्थित ईईएफ मैदान में हुई। जिसका उद्घाटन पूर्व कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह ने किया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही है। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले एक जून को खेले जाएंगे। वहीं, शुभारंभ मुकाबला ब्लैक बुल साल्हन और आर्मी 11 के बीच खेला गया। ब्लैक बुल साल्हन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 120 रन बनाए। जवाब में आर्मी 11 की टीम 100 रन ही बना सकी और ब्लैक बुल साल्हन ने 20 रनों से मुकाबला जीत लिया। इस अवसर पर पूर्व कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह सेना के गौरव और मनोबल को बनाए रखने के लिए इस प्रकार के आयोजनों में भागीदारी करे और उनका समर्थन करें। उन्होंने इस टूर्नामेंट के माध्यम से देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहन देने के साथ ही युवाओं में खेल के प्रति रुचि को भी बढ़ावा देने की बात कही। आयोजकों को इस पहल के लिए बधाई भी दी। वहीं, टूर्नामेंट अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा कि सेना के सम्मान में आने वाले समय में क्षेत्र में और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर अरविंद लोहार, राजेश मिश्रा, अखिल पाठक, आकाश सिंह, राकेश सिंह, मंगल गुप्ता, सोनाराम महतो, धीरेंद्र त्रिपाठी, अनिल कुमार सिंह, मिंटू सिंह आदि उपस्थित रहे।



## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर राज विद्या केंद्र मोड़ के समीप बुधवार की रात नौ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान बेड़ो थाना क्षेत्र के पांडे पारा गांव निवासी पवन उरांव (20) के रूप में हुई है। जबकि बाइक के पीछे बैठा बड़ा भाई रितेश उरांव (25) और लोहरदगा बमनडीहा गांव निवासी पवन उरांव (20) गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें ग्रामीणों ने आनन-फानन में बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ मेघा भगत ने गंभीर रूप से घायल पवन उरांव को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।



जानकारी के अनुसार तीनों युवक अपने गांव से भंडरा लोहरदगा जा रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर बेड़ो थाना के एएसआई भानू कुमार रजक बेड़ो सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इधर, थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए गुरुवार को रिम्स अस्पताल भेजा जाएगा।

## पड़हा जतरा समारोह की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के दो अलग-अलग जगहों बेड़ो बाजार टांड़ एवं बारीडीह जतरा मैदान पर तीन जून को होने वाले वार्षिक पड़हा जतरा समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुधवार को बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बारीडीह जतरा मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रखंड के दोनों जगहों पर आयोजित भव्य जतरा समारोह को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की पूरी तैयारी है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता से कार्य करने और जतरा में आने वाले लोगों के साथ शालीन एवं विनम्र व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिये। साथ ही पड़हा संचालन समिति को सहयोग करने का आश्वासन दिया। कहा कि दोनों जगहों पर बड़ी संख्या में आनेवाले लोगों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। जतरा में वॉलेंटियर एवं पुलिस कर्मी सतर्कता और तत्परता के साथ ड्यूटी निभाएं। इस मौके पर 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, पड़हा अध्यक्ष बंधना उरांव, 12 व 21 पड़हा के सचिव चरवा उरांव समेत पड़हा संचालन समिति के सदस्य मौजूद थे।



## सानिया परवीन बनी विद्यालय टॉपर

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** मारवा साइंस विजन पब्लिक स्कूल से 43 विद्यार्थियों ने प्रथम एवं 13 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान से सफलता हासिल की है। इसमें सानिया परवीन 93 फीसदी अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। इस कामयाबी के लिए विद्यालय के निदेशक आसिम अख्तर, अध्यक्ष रेयाज अहमद, प्राचार्या बीना राम सहित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी है।



## मुख्यमंत्री सचिवालय पहुंचा बाघमारा सीओ-रैयतों का विवाद

**जगत महतो ने मुख्यमंत्री सचिवालय को आवेदन देकर रैयतों पर हुए केस को हटाने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक सह आरटीआई कार्यकर्ता जगत महतो ने रांची स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय पहुंचकर विभाग के सचिव से मुलाकात कर आवेदन सौंपा। जिसमें बताया कि धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत अंचल कार्यालय में रैयतों की ओर से कई महीनों से धरना देने के कारण बाघमारा सीओ बाल किशोर महतो ने उनपर केस दर्ज किया है। इस मामले में जांच कर केस को वापस लिया जाए। इस पर मुख्यमंत्री सचिवालय ने धनबाद डीसी और एसएसपी को जांच के बाद कार्रवाई करने का आदेश दिया। जगत महतो ने बताया कि दर्जनों रैयतों के जमीन संबंधित काम पिछले कई महीनों से बाघमारा अंचल कार्यालय में लटका हुआ था। जिसके कारण सभी रैयत ग्राम स्वराज अभियान संस्था के बैनर तले पिछले कई महीनो से प्रत्येक मंगलवार को बाघमारा अंचल कार्यालय में धरना प्रदर्शन करते आ रहे थे। इसी बीच 29 अप्रैल को सभी संबंधित विभागों को सूचना देकर बाघमारा सीओ का पुतला दहन किया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस भी मौके पर मौजूद थी। पुतला दहन शांतिपूर्वक करने के बाद सभी रैयत अपने-अपने घर चले गए। इसी बीच एक मई को बाघमारा सीओ ने थाने में जगत महतो सहित कुल 12 नामजद एवं 10-15 अज्ञात लोगों पर सरकारी काम में बाधा डालने एवं ब्लैकमेलिंग करने का झूठा आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कर दिया गया। इस बाबत जगत महतो ने बताया कि पूर्व में भी समस्याओं के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय से धनबाद डीसी मिले निर्देश के बाद समाधान करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन बाघमारा सीओ ने उक्त आदेश की भी अवहेलना कर दी।

## आम के उन्नत किस्म की बागवानी का दिया गया प्रशिक्षण



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को मनरेगा की ओर से बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वित्तिय वर्ष 2025-26 में चयनित लाभुकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में आम के उन्नत किस्म की बागवानी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक आशा संस्थान के परियोजना समन्वयक ललन साहू ने लाभुकों को आम बागवानी के पूर्व एक समय सीमा पर गड्ढा खोदने, उसमें खाद और कीट नाशक दवा डालने, इसके बाद कुछ अवधि तक गड्ढे को ऐसी ही छोड़ देने के साथ आम की पौधा का रोपन की प्रक्रिया की विस्तृत रूप से जानकारी दी। इसके बाद पांच वर्षों तक पौधा का पटवन और देखरेख के साथ ही समय-समय पर कीटनाशक दवा का छिड़काव करने की विधि को बताया। बता दें कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वित्तिय वर्ष में 30 एकड़ भूमि पर आम वागवानी का लक्ष्य रखा है। प्रति एकड़ निर्धारित मॉडल प्राकलन राशि चार लाख 37 हजार 660 रुपये के तहत सरकार को आम बागवानी में एक करोड़ 31 लाख 29 हजार 800 रुपये लागत आयेगी। आम बागवानी पांच वर्षीय योजना की होगी। प्रशिक्षण शिविर मनरेगा बीपीओ संजय कुमार साहू, लेखा सहायक राधेश्याम, जेई सेम्पु प्रसाद, मजाज, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

## पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध लोक गायक महावीर नायक आज आयेंगे रांची, भव्य स्वागत की तैयारी

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रसिद्ध लोक गायक महावीर नायक को मंगलवार को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री सम्मान से नवाजा। 82 वर्षीय महावीर नायक को कला के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए यह सम्मान मिला है। गुरुवार की शाम वे फ्लाइट से रांची लौटेंगे। जहां झारखंड राज्य घासी समाज के अगुआ राजू नायक के नेतृत्व में रांची एयरपोर्ट पर उनके भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। राजू नायक ने बताया कि गुरुवार को महावीर नायक की आगवानी और स्वागत पारंपरिक तरीके से बाजे गाजे के साथ की जाएगी। इसके लिए स्वागत और सांस्कृतिक दल का गठन कर लिया गया है। उन्होंने समाज के तमाम लोगों को गुरुवार की शाम रांची एयरपोर्ट पहुंचने की अपील की है।

## हेसल में महतो ढाबा का उद्घाटन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रिंग रोड हेसल टोल प्लाजा के समीप बुधवार को महतो ढाबा नामक लाइन होटल का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने किया। ढाबा के संचालक शिबू महतो हैं। इनका पूर्व से ओरमांझी-सिकिदिरी रोड में महतो ढाबा है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र के ग्राहकों को भी बेहतर सेवा देने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर समाजसेवी रामपोदो महतो, सखीचंद महतो, सोनालाल महतो, मनोज कुमार चौधरी, सुनील कुमार महतो, अनिल महतो, सुप्रेश महतो, रामचंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव चौक में बुधवार की रात करीब आठ बजे दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक राहगीर एवं एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना गड़गांव चौक में घटित हुई। जहां सड़क पार कर रहे इटकी के गड़गांव गांव निवासी फारुख अंसारी (35) को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, दूसरी घटना में सुरसा पुसो सिसई गांव निवासी शंभु सिंह (21) बाइक से असंतुलित होकर गिरने से गंभीर रूप घायल हो गए। दोनों घायलों को स्वजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां दोनों घायलों का डॉ मेघा भगत ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। घायल शंभु सिंह ने बताया कि वह ओरमांझी से अपने घर जा रहा था, तभी हादसा हो गया।

# 77 एकड़ जमीन पर रेलवे का कथित कब्जा ग्रामीणों के विरोध के बाद भी चला बुलडोजर

## अधिग्रहण से संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किये, होगा उग्र आंदोलन : ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के हरातु मौजा अंतर्गत टाटीसिलवे में रेलवे की ओर से बिना अधिग्रहण और मुआवजा दिए 77 एकड़ जमीन पर कब्जा करने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने इस संबंध में पहले ही 10 दिसंबर 2024 को दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के डीआरएम को एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और अधिग्रहण से संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक करने की मांग की गई थी। हरातु के ग्रामीणों का कहना है कि अप लाइन और डाउन लाइन के निकट स्थित यह भूमि वर्षों से उनकी खेती और आजीविका का आधार रही है। बावजूद इसके रेलवे द्वारा बुधवार को भारी सुरक्षा बल के साथ निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।



### बुलडोजर से खेत किया समतल

बुधवार को रेलवे की टीम आरपीएफ के सैकड़ों महिला एवं पुरुष जवानों के साथ हरातु मौजा पहुंची। किसी प्रकार की पूर्व सूचना के बिना जेसीबी मशीन से ग्रामीणों के खेतों को समतल कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार कई एकड़ जमीन निर्माण कार्य के लिए तैयार कर लिया गया। उधर, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रेलवे द्वारा तैयार किए गए नक्शे में केवल 38.78 एकड़ भूमि दर्शायी गई है, जबकि वास्तव में 77 एकड़ से अधिक भूमि कब्जे में ली जा रही है। इस बाबत न तो ग्रामीणों को अधिसूचना दी गई है और न ही किसी को मुआवजा प्राप्त हुआ है। जब ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय व भूमि अधिग्रहण विभाग में जांच करवाई तो रेलवे को जमीन हस्तांतरित किए जाने का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। इधर, गांववासियों ने कहा कि यदि रेलवे ने जबरन कब्जा हटाकर स्थिति स्पष्ट नहीं की और अधिग्रहण से संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किए, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि निर्माण कार्य से सिर्फ खेती ही नहीं, आवागमन का रास्ता भी बाधित हो गया है, जिससे ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

### प्रशासन को पहले ही दी जा चुकी है सूचना

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वे पूर्व में ही डीआरएम के साथ-साथ भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी, अंचलाधिकारी नामकुम, अनुमंडल पदाधिकारी रांची, टाटीसिलवे थाना प्रभारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके है। फिर भी प्रशासनिक चुप्पी और रेलवे की मनमानी ने हालात को और तनावपूर्ण बना दिया है।

## 90 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी मंतशा



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2025 में भावना विकास विद्यालय की छात्रा मंतशा परवीन 90 प्रतिशत लाकर टापर बनी। वह उपर कोनकी गांव के रशीद अंसारी की पुत्री है। उसकी इस सफलता पर शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों ने बधाई दी है। वहीं निदेशक नजीब अंसारी ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एसएसबी 26वीं वाहिनी में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आईआरआईएस अस्पताल के तत्वावधान में एसएसबी 26वीं वाहिनी अनगड़ा परिसर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कमांडेंट राजीव भट्ट एवं कमांडेंट (मेडिकल) डॉ ब्रजेश कुमार की देखरेख में आयोजित इस शिविर में जवानों के परिवार, बच्चों सहित वाहिनी के 126 लोगों के आंखों की जांच की गई और उनके बीच दवा का वितरण किया गया। नेत्र जांच अस्पताल के विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक डॉ सागर एवं डॉ दीक्षा की ओर से किया गया। इस मौके पर वाहिनी के पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## चैनपुर-दानपुर सड़क बरसात में कीचड़ में तब्दील



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय के चर्च रोड से दानपुर तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क बरसात के कारण कीचड़ में तब्दील हो गयी है जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। इस सड़क से सैकड़ों बच्चे प्रत्येक दिन पारीस स्कूल और संत जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल जाते हैं। स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि एक सप्ताह के बाद बच्चों का स्कूल भी खुल जायेगा इन दिनों लगातार बारिश हो रही है अगर सड़क को ठीक नहीं किया गया तो बच्चों को भी स्कूल आने में परेशानी होगी। बरसात के कारण कीचड़ भरी सड़क पर मोटरसाइकिल और साइकिल चलाना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। जीप सदस्य मेरी लकड़ा ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। उन्होंने विभागीय इंजीनियर को फोन कर लोगों को हो रही परेशानी अवगत कराते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाकर चर्च रोड से स्कूल तक जो कीचड़ हो रहा है उसे जल्द ठीक-ठाक करें। इसी सड़क से सैकड़ो लोगों का प्रत्येक दिन आवागमन होता है इन दिनों लगातार बारिश हो रही है बारिश के कारण सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जा रहा है।

## माहवारी स्वच्छता दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम



**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग झारखंड तथा जिला स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार एवं सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज (सी3) के तकनीकी सहयोग से गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों में माहवारी स्वच्छता दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों और युवाओं के बीच माहवारी के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर, स्वच्छता और स्वास्थ्य से संबंधित सही जानकारी प्रदान करना था। उप स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स) में पर काउंसलिंग सत्र, क्विज एवं जागरूकता सत्र आयोजित किये गये। स्वास्थ्य विभाग ने इस पर जागरूकता सामग्रियों जैसे पोस्टर, बैनर आदि का भी उपयोग किया। इस अवसर पर एएनएम, सहिया, सेविका एवं सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज (सी3) टीम के सदस्यों ने किशोरियों को माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाये रखने, साफ सूती कपड़े या सेनेटरी नैपकिन के उपयोग और उनके सुरक्षित निपटान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि इन उपायों से संक्रमण के खतरे को रोका जा सकता है। कार्यक्रम में किशोरों और नवयुवकों की भागीदारी भी सराहनीय रही।

## कांसीर में मासूम आंख के कैंसर से पीड़ित, परिजनों ने प्रशासन और स्थानीय लोगों से मदद की लगायी गुहार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के कांसीर गांव निवासी बसंत सिंह की 4 वर्षीय पुत्री राधिका कुमारी आंख के कैंसर से जिंदगी मौत के बीच लड़ रही है। विगत 2 सालों से उसका इलाज चल रहा है। रांची के रिम्स में इलाज के बाद डॉक्टर ने अपने हाथ खड़े कर लिए बोले इसका इलाज यहां संभव नहीं है। इसे जमशेदपुर या मुंबई ले जाकर इलाज कराना होगा। परिवार की स्थिति उतनी अच्छी नहीं है कि वे लोग बड़े शहरों के प्राइवेट हॉस्पिटल में बच्ची का इलाज कर सके। पिता बसंत ने बताया मुंबई के डीएमसी कैंसर अस्पताल में बच्ची का इलाज कराना होगा तभी उसकी जान बच सकती है। 2 वर्षों तक पिता घर के मवेशियों को बेचकर और महिला मंडल से ऋण लेकर बच्ची का इलाज कराया। लेकिन अब वह आगे की इलाज कराने में असमर्थ है। मामले की जानकारी के बाद गुमला के समाजसेवी अमित कुमार, मुख्तार आलम रायडीह के समाजसेवी अरुण कुमार पांडा उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मिले थे। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत 25 हजार के लिए अनुशंसा की। लेकिन मुंबई आने जाने के लिए और अन्य खर्च हेतु समाजसेवियों ने जिले के कई पदाधिकारी से संपर्क किया। सभी ने सहयोग का आश्वासन दिया है।

# मवेशी लदे ट्रक और कार को पुलिस ने पकड़ा, तस्कर धराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायडीह।** सुरसांग थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती कोंडरा गांव में तस्करी के लिए ले जा रहे पैंतालीस मवेशी लदे एक ट्रक और मारुति सुजुकी को पुलिस के द्वारा मंगलवार की रात्रि जब्त कर सुरसांग थाना में रखा गया है। साथ ही एक तस्कर विरेन्द्र सुमन गांव मटासी थाना नारायणपुर जिला जशपुर छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टुडू ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मवेशी तस्कर छत्तीसगढ़ से



कोंडरा होते हुए मवेशी लोहरदगा ले जा रहे हैं। इसके बाद एसडीपीओ चैनपुर ललित मीणा के निर्देशानुसार सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश कुमार टुडू और रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के द्वारा कोंडरा के पास नाकाबंदी किया गया। रात्रि में मवेशी गाड़ी की रेकी कर चल रहे कार ने पुलिस को देखते ही तेज रफ्तार से गाड़ी भगाने लगा। जिससे पुलिस बल के सहयोग से दौड़ाकर एक तस्कर को पकड़ा गया। कुछ समय बाद पीछे से ट्रक आता दिखा जिससे रूकने का इशारा किया गया लेकिन चालक तेज गति से गाड़ी को भगाने लगा और जंगल में गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। जिससे जप्त कर तलाशी लिया गया तो वहां मवेशी था। जिसे जब्त करते हुए सुरसांग थाना लाया गया। जब्त ट्रक से कुल पैंतालीस मवेशी बरामद हुआ जिसमें पांच मृत थे। सभी पशुओं का पशु चिकित्सक द्वारा जांच किया गया। बुधवार को गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। मवेशी बंटने की सूचना पर सुबह से ही ग्रामीणों की भीड़ लगी थी। टीम में सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टुडू, रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, एएसआई सुरेश कुमार, सुनील हेंब्रम और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# नशीली दवा के कारोबार के आरोप में पुलिस ने युवक को पकड़ा, परिजनों ने लगाया फंसाने का आरोप



**आजाद सिपाही संवाददाता**


**गुमला।** टोटो थाना की पुलिस में नशीली दवाओं के खरीद बिक्री के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके बाद ग्राम अटरिया की रहने वाली शबाना बीबी ने टोटो थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शबाना का कहना है कि उसके पति मोबारक खान को पुलिस ने झूठे केस में फंसाया है। घटना 27 मई 2025 की है। मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे मोबारक खान बांस कटवाने बगल के गांव फोरी गया था। वहीं सादे लिबास में पहुंचे टोटो थाना के पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। फिर घर लाकर तलाशी ली गयी। जांच में कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। शबाना के अनुसार घर के पीछे करीब 50 मीटर दूर झाड़ी के पास 15 पीस ऑनकोरेक्स नशीली दवा मिली। वह किसकी थी यह किसी को नहीं पता। इसके बावजूद पुलिस ने दावा किया कि वह दवा मोबारक की है। इसके आधार पर उन्हें थाने में बंद कर दिया गया। परिजनों को मिलने भी नहीं दिया गया। शबाना ने बताया कि अगले दिन 28 मई को पुलिस दो बोरा नशीली दवा लेकर फिर घर आयी। बोरे को घर में रखकर फोटो खींची गयी। इससे ऐसा दिखाने की कोशिश की गयी कि दवा घर में मिली है। शबाना का आरोप है कि यह सब एक साजिश के तहत किया गया ताकि उसके निर्दोष पति को फंसाया जा सके। शबाना ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उसने गांव के अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपा है। आवेदन देने वालों में रजिया बीबी, मोजमा सादिया, रसीदा बीबी, तारा खान, नेसारन बाबी, रोशनी बीबी, तमंना बीबी और कशिदा बीबी शामिल हैं। ग्रामीणों ने मोबारक खान को न्याय दिलाने की मांग की है। इधर पुलिस का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी नशीली दवा का कारोबार में सम्मिलित रहा है सिसई थाना क्षेत्र में भी उसका नशा का कारोबार चलता है। पुलिस गुप्त सूचना का आधार पर उसके ठिकाने से नशीली दवाओं को जप्त किया है। इसका एक साथी इम्तियाज भागने में सफल रहा पुलिस उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापामारी कर रही है। पुलिस ने आरोपी के परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपी को गलत बताया है।

## चर्च में 214 बच्चों का दृढ़ीकरण संस्कार हुआ



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के संत थॉमस कैथोलिक चर्च जरमाना में बुधवार को 214 बच्चे बच्चियों का दृढ़ीकरण संस्कार बिशप लिनुश पिंगल एक्का के मौजूदगी मे संपन्न हुआ। वही मौके पर बिशप लिनुश पींगल एक्का ने खीस्त विश्वासी को प्रेरित करते हुए कहा कि हम ईश्वर को साक्षी माने और अपने धार्मिक आचरण को मजबूत बनाएं रखें। धर्म हमें सही रास्ते में आह्वाहन करता है। दृढ़ीकरण संस्कार खीस्त विश्वास को मजबूत बनाता है और यह संस्कार प्रत्येक खीस्त विश्वासी को पवित्र आत्मा के सातों वरदानों से विभूषित कर देता हैं। उन्होंने कहा कि आज से आप लोग प्रभु यीशु मसीह के सच्चे अनुयायी बन गये हैं। यह दृढ़ीकरण संस्कार केवल एक परंपरा नहीं। बल्कि एक आध्यात्मिक जिम्मेदारी है। आप सभी को प्रभु के बताये मार्ग पर चलना है। साथ ही अपने जीवन में संयम, सेवा और सत्य को अपनाना है। अपने माता-पिता की सेवा करना, बुजुर्गों का सम्मान करना और समाज में एक आदर्श बन कर रहना आपकी सबसे बड़ी साधना होगी। वही मौके पर पल्ली पुरोहित फा लोरेंस टोप्पो, फा निरंजन एक्का, फा कुलदीप खलखो, फा मोनसन बिलूंग समेत हजारों की संख्या मे खीस्त विश्वासी मौजूद थे।

## 92 प्रतिशत लाकर समीक्षा बनी रायडीह प्रखंड टॉपर



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** समीक्षा कुमारी मैट्रिक बॉर्ड परिक्षा मे 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रायडीह प्रखण्ड टॉपर बनी है। समीक्षा कुमारी पीएम श्री एस एस +2 हाई स्कूल रायडीह की छात्रा है। समीक्षा कुमारी ने कहा कि स्कूल के एचएम डॉक्टर कृष्ण कुमार और शिक्षक शिक्षिका हमे बहुत ही अच्छे से पढ़ाया और मोटिवेट किया और मेरे पिता संजय कुमार गुप्ता घर मे मुझे हमेशा पढ़ाई लिखाई के प्रति गाईड कर रहे थे। कठिन मेहनत और लगन के साथ परिक्षा की तैयारी की थी जिसका परिक्षा फल संतोष जनक रहा। आगे समीक्षा सिविल सर्विस सेवा मे जाने का लक्ष्य लेकर पढ़ाई करने की बात कही। उन्होंने सिविल सेवा मे जाकर देश और समाज की सेवा करने का लक्ष्य रखी है। मैट्रिक बोर्ड परिक्षा मे प्रखण्ड टॉपर बनने पर समीक्षा को स्कूल और गांव के सभी लोग बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दे रहे है।










































आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 मई, 2025
www.azadsipahi.in
11

# 5000 रुपये घूस लेते रोजगार सेवक को धनबाद एसीबी ने रंगे हाथ दबोचा

## मनरेगा, अबुआ आवास में मजदुरी भुगतान के बदले घूस मांगने पर हुई कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमुआ/गिरिडीह।** धनबाद एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गिरिडीह जिले के जमुआ प्रखंड अंतर्गत टीकामगहा पंचायत में पदस्थापित एक रोजगार सेवक को 5000 रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान राजेश कुमार साहू के के रूप में हुई है। वह सकरडीहा गांव का रहने वाला है। एसीबी की टीम ने यह कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर किया। पता चला है कि राजकुमार नामक व्यक्ति ने एसीबी में शिकायत की थी कि रोजगार सेवक अबुआ एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की मजदूरी भुगतान के नाम पर ग्रामीणों से बार-बार पैसे की मांग कर रहा है। इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने धनबाद एसीबी को गुप्त सूचना दी थी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसीबी ने पहले मामले का सत्यापन किया और आरोपों की पुष्टि होने पर जाल बिछाकर आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद राजेश साहू को एसीबी अधिकारियों ने जमुआ थाना लाया। वहां से धनबाद ले गए, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है।


आरोपित रोजगार सेवर को गिरफ्तार कर ले जाती धनबाद एसीबी की टीम।

# 'सिंगल यूज प्लास्टिक' का उपयोग नहीं करने की अपील



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के सातवें दिन बुधवार को धनबाद मंडल के गोमो, पारसनाथ, डाल्टनगंज एवं गढ़वा रोड स्टेशनों पर स्थित फूड स्टॉल वेंडर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज और सिंगरौली स्टेशनों पर स्थापित बोतल क्रशिंग मशीनों का निरीक्षण कर लोगों को उसका उपयोग करने को लेकर जागरूक किया गया।

## नीलम को झामुमो का पुनः केंद्रीय मीडिया पैनलिस्ट सदस्य बनने पर दी बधाई



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झामुमो धनबाद जिला समिति की ओर से बुधवार को बधाई संदेश जारी कर संगठन की कर्मठ, जुझारू एवं समर्पित नेत्री डॉ नीलम मिश्रा को झामुमो में केंद्रीय मीडिया पैनलिस्ट सदस्य के रूप में पुनः मनोनीत किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जिला समिति की ओर से कहा गया कि यह नियुक्ति पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं संगठनात्मक मजबूती को जन-जन तक पहुंचाने में आपकी प्रभावशाली भूमिका को दर्शाता है। हमें पूरा विश्वास है कि डॉ नीलम पुनः अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक, पारदर्शिता और उत्कृष्टता के साथ करेंगी एवं पार्टी के विचारों को राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक मजबूती से पहुंचाएंगी। वहीं, झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह मीडिया पेनेलिस्ट सदस्य डॉ निलम मिश्रा ने कहा कि मैं झामुमो के संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन, केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन , केंद्रीय महासचिव विनोद पाण्डे और कल्पना मुर्मू सोरेन सहित सभी केंद्रीय नेताओं का आभार प्रकट करती हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पुनः सौंपी है। मैं अपने कार्य के माध्यम से पार्टी की विचारधारा, जनहितकारी नीतियों एवं झारखंड की अस्मिता की आवाज को मीडिया के माध्यम से सशक्त रूप से सामने लाने का कार्य करती रहूंगी। वहीं, बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, अजय रवानी, कालीचरण महतो,सह सचिव मनोज महतो, तपन तिवारी आदि शामिल थे।

# रानी अहिल्याबाई होलकर न्याय, सेवा और लोक कल्याण की अद्भुत मिसाल थीं: बिरंची नारायण

## रानी अहिल्याबाई ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया: राज सिन्हा

## रानी अहिल्याबाई के शासनकाल में महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि थी : रागिनी सिंह

- रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भाजपा धनबाद महानगर की ओर से संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर बुधवार को भाजपा की ओर से बेकारबांध में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, संचालन जिला उपाध्यक्ष विष्णु त्रिपाठी और धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री नरेंद्र त्रिवेदी ने किया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण शामिल हुए। उन्होंने रानी अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि वह न्याय, सेवा और लोक कल्याण की अद्भुत मिशाल थी। उन्होंने अपने प्रशासनिक कार्यों और समाज सेवा से यह सिद्ध कर दिया कि नारी शक्ति कभी कमजोर नहीं होती। उनके जीवन से हम सभी को एक कर्तव्यनिष्ठा परोपकार और नेतृत्व क्षमता की सीख मिलती है। उनके जीवन के अलग-अलग आयाम थे, जो



प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय थे। कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई में महिलाओं का भी अमूल्य योगदान रहा है। मालवा की सत्ता की बागडोर संभालने के बाद रानी अहिल्या बाई होल्कर ने मातृभूमि की रक्षा की। अपने 28 वर्षों के शासनकाल में रानी अहिल्या बाई ने मालवा को सुरक्षित एवं सुदृढ़ किया। बिरंची नारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी विरासत को आगे बढ़ाते हुए अयोध्या में श्री राम मंदिर, काशी में कॉरिडोर, ओडिशा में जगन्नाथ महाप्रभु कॉरिडोर और गुवाहाटी में माता कामाख्या मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कराया। वहीं, धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि समाज सेवा और परोपकार ही सच्चा धर्म है। रानी अहिल्याबाई ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। समाज को नई दिशा दी। भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके पदचिन्हों पर चलकर जन कल्याण की भावना को और मजबूत करना चाहिए। रानी अहिल्याबाई ने धर्मशालाओं और मंदिरों का निर्माण कर समाज को सशक्त बनाया। विधायक ने कहा कि रानी अहिल्याबाई का त्याग और समर्पण आज के समाज के लिए भी अनुकरणीय है। रानी अहिल्याबाई की विरासत का ही परिणाम है कि आज भारत की महिलाएं घर परिवार को संभालते हुए कार्पोरेट, शासन एवं युद्ध के मैदान तक का नेतृत्व कर रही हैं। जबकि झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर ने समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं रूढ़िवादिता के खिलाफ आवाज बुलंद की। उनके शासनकाल में महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरी थी। उन्हें स्कूल जाने का भी अवसर नहीं मिला, लेकिन उनके माता-पिता ने घर पर ही उन्हें नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया। उनके साहस, विनम्रता एवं शालीनता से प्रभावित होकर मालवा के शासक ने अपने पुत्र से उनका विवाह कराया। वहीं, धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने रानी अहिल्याबाई के संघर्ष पूर्ण जीवन गाथा के बारे में विस्तार से बताया। संगोष्ठी में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान,जिला मंत्री पंकज सिन्हा, वीरेंद्र हांसदा, अजय निषाद, ध्रूव हरि, प्रियंका देवी, रीता यादव, कंचन चौरसिया, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री रमा सिन्हा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विभा रानी सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, जिला मीडिया सह प्रभारी पंकज सिन्हा और योगेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

## निर्गत किया गया विवाह प्रमाण पत्र

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद के प्रशासक सह कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन की ओर से बुधवार को प्रथम विवाह निबंधन करते हुए विवाह प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। जिसमें वैवाहिक दंपत्ति वर विनीत कुमार चौरसिया संग पत्नी रीम्मी चोरसिया को विवाह निबंधन करते हुए विवाह प्रमाण पत्र सौंपा। ईओ ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत संपन्न विवाह का निबंधन एवं विवाह प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है। नगर क्षेत्र में संपन्न विवाह के इच्छुक दंपत्ति अपने विवाह का आवेदन प्रज्ञा केंद्र (सीएससी), जन सुविधा केंद्र, सेल्फ रजिस्टर्ड सिटिजन (झारसेवा.झारखंड.जीओवी.इन) में ऑनलाइन आवेदन करते हुए फुसलो नगर परिषद कार्यालय में आवश्यक विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## बिजली की लचर व्यवस्था से परेशान होकर चैंबर के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के प्रवक्ता विजय सैनी ने शहर की लचर बिजली व्यवस्था में सुधार एवं अन्य मांगों को लेकर बिजली विभाग के जीएम अशोक कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान ने कहा कि पुराना बाजार बिजली विभाग को सबसे ज्यादा राजस्व देता है। बावजूद इसके सही ढंग से बिजली नहीं मिलती है। बिजली की लचर व्यवस्था से व्यापार प्रभावित हो रहा है। डीवीसी ट्रांसफार्मर में खराबी के कारण रोटेशन पर बिजली मिल रही है। कांड्रा से यथाशीघ्र पुराना बाजार एवं बैंक मोड को बिजली आपूर्ति चालू की जाए। वहीं महासचिव पवन सोनी ने बताया कि पुराना बाजार में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की मांग बिजली विभाग के जीएम से की है। साथ ही बिजली बिल में त्रुटि में सुधार, बिजली बिल समय पर उपलब्ध कराने को लेकर सकारात्मक बात हुई है। वहीं, बिजली जीएम अशोक कुमार सिन्हा से जीटा महासचिव राजीव शर्मा, जिला चेंबर के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि व्यवसायियों की समस्या का जल्द निदान, निर्बाध बिजली आपूर्ति के साथ ही सिंदरी,



झरिया, बरवाअड्डा, करकेन्द और हीरापुर चेंबर क्षेत्र की बिजली समस्याओं को लेकर भी वार्ता हुई। राजीव शर्मा और राजेश गुप्ता ने जीएम से सभी चेंबर क्षेत्र में शिविर लगाने की भी बात कही गयी। इस पर बिजली विभाग के जीएम अशोक कुमार सिन्हा से आश्वाशन दिया कि समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। इस दौरान बिजली जीएम के साथ वार्ता में जीटा महासचिव राजीव शर्मा, जिला चेंबर के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, महासचिव पवन सोनी, प्रवक्ता विजय सैनी, नवनीत रिटोलिया, अमरजीत सिंह, इमरान अली, दीपक सिंह, सलाउद्दीन महाजन,सिंदरी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू, वशिष्ठ नारायण सिंह, करकेंद थोक वस्त्र व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष उमेश हेलीवाल, रितेश नारनोली, हीरापुर चेंबर के अध्यक्ष संजीव चौरसिया, बरवाअड्डा अध्यक्ष पप्पू सिंह, झरिया से श्रीकांत अंबष्ट, शिव चरण शर्मा और देवेश बोले आदि मौजूद थे।

## अबुआ आवास की किस्त नहीं मिलने पर डीडीसी से मिली सुनीता

# डुमरी के 1900 लाभुकों को अबुआ आवास की पहली किस्त का इंतजार

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी/बेरमो।** अबुआ आवास योजना की स्वीकृति के बाद भी पहली किस्त के इंतजार में प्रखंड से लेकर जिला तक चक्कर लगा रहे लाभुकों की शिकायत लेकर जिप सदस्या सुनीता कुमारी बुधवार को डीडीसी से मिलीं। उन्हें बताया कि डुमरी प्रखंड को 4000 अबुआ आवास का लक्ष्य मिला था। जिसमें 3800 आवास की स्वीकृति हुई है। जिसकी पहली एवं दूसरी किस्त 1900 लाभुकों तक पहुंच चुकी है। वहीं, 1900 लाभुक आज भी पहली किस्त के इंतजार में प्रखंड एवं जिला कार्यालय के चक्कर




लगाकर परेशान है। उन लाभुकों में से अधिकतर लोगों का प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम था। पर अबुआ आवास योजना की स्वीकृती होने के कारण उनका प्रधानमंत्री आवास की सूची से नाम हटा दिया गया है। अब ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से भी उन्हें वंचित रहना पड़ रहा और अबुआ आवास योजना की पहली किस्त भी नहीं मिल पा रही है। जिप सदस्या ने बताया कि पूरा वाकया सुनने के बाद डीडीसी ने कहा कि सरकार की गाइडलाइन का इंतजार है। जैसे ही गाइडलाइन आएगा उस पर काम किया जाएगा।


**अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी**
**खाद्य सुरक्षा से संबंधित**

**–: आम सूचना :–**

एतद् द्वारा सभी खाद्य कारोबारीयों को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत प्रावधान के अनुसार सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता निम्न निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे :–

- ➢ खूदरा एवं थोक दुकानदार द्वारा कोई भी बिक्री किया जाने वाला खाद्य पदार्थ खास कर लोकल पैकेज जैसे लेज, कुरकुरे एवं चिप्स, चॉकोलेट, नमकीन, ब्रेड, मिक्चर, कुकिज, काला जामून एवं सोनपापडी, पानी, जूस आदि में यदि मैनूफेक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट, मैनूफेक्चरर का पूरा पता, FSSAI License No. Ingrient list आदि पैकेट में लिखा हुआ अवश्य होना चाहिए यदि पैकेट में उपरोक्त बाते लिखी हुई नही पाई जाती है, तो निरिक्षण के दौराण में यदि उनके बिक्री काउण्टर में पाया जाता है तो उस खाद्य पदार्थ को जब्त कर नष्ट कर दिया जाएगा, जिसकी सारी जवाबदेही दुकानदार की स्वयं होगी। साथ ही साथ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के सुसंगत धारा के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी जिसमें जूर्माना एवं सजा की प्रावधान है।
- ➢ त्यौहारों में ब्रेड, केक, पेस्टी आदि की मांग बढ़ जाने के कारण मिलावटी/खराब क्वालिटि का बिक्री खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा किया जाता है। अतः ब्रेड, केक, पेस्टी आदि के बिक्रेताओं को निदेश दिया जाता है कि खाद्य सामग्री की बिक्री करते समय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 का पालन करते हुए करेंगे। ग्राहकों से भी अनुरोध है कि ब्रेड, केक, पेस्टी आदि खरीदतें समय फुड लाईसेंस नम्बर एवं मैनुफेक्चरींग डेट और एक्सपायरी डेट आदि का ध्यान रखकर ही खाद्य सामग्री की खरीद करें।
- ➢ हार्ट बाजारों में खूले में तेल की बिक्री की जाती है, जो की गैर कानूनी है, यदि बिक्री करते हुए पाये जाते हैं तो उनका तेल जब्त कर नष्ट कर दिया जाएगा, जिसकी सारी जवाबदेही दुकानदार की स्वयं होगी।
- ➢ दुकानदार द्वारा टिना में बिक्री किया जाने वाला राईसब्रान ऑयल/भेजीटेबल ऑयल आदि का भी नमूना लिया जाएगा यदि नमूना अवमानक पाया जाता है, तो दुकानदार के खिलाफ FSS Act-2006 के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी।
- ➢ दुकानदार द्वारा बिक्री किया जाने वाला लोकल ब्राण्ड सोस में भी गुणवत्ता का ध्यान नही रखा जाता है। जांच में यदि नमूना फेल पाया जाता है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा।
- ➢ लेज, कुरकुरे एवं चिप्स, चॉकोलेट, नमकीन, ब्रेड, मिक्चर, कुकिज, काला जामून, सोनपापडी, सोस, पानी, जूस, तेल, आटा, चाउमिन आदि के मैनुफेक्चरर को निर्देश दिया जाता है कि खाद्य पदार्थों के निर्माण में साफ–सफाई एवं गुणवत्ता एवं उपरोक्त बताये गए FSS Act-2006 के नियमों का पालन करते हुए खाद्य पदार्थों का निर्माण कर बिक्री करना सुनिश्चित करेंगे। जिससे की उपभोक्त के स्वास्थ्य में हानिकारक प्रभाव न पड़े।
- ➢ खूदरा एवं थोक बिक्रेता भी खाद्य सामग्रियों की खरीद बिक्री में FSS Act-2006 के नियमों का पालन करते हुए करेंगे।
- ➢ दुकान परिसर में साफ–सफाई एवं रख–रखाव का उचित ध्यान रखेंगे।
- ➢ सभी आवासीय विद्यालयों जैसे–कस्तुरबा विद्यालय, अनुसूचित जनजाति विद्यालय, आवासीय क्रिडा प्रशिक्षण केन्द्र एवं अन्य सरकारी और प्राईवेट संस्थान (हॉस्पीटल कैन्टीन, मुख्यमंत्री दाल भात केन्द्र, उपकारा एवं परिसदन भवन आदि) जहां मेस/कैन्टीन की सुविधा उपलब्ध है एवं सरकारी स्कुलों में बच्चों को परोसा जाने वाला MDM एवं आंगनबाड़ी में छोटे बच्चों को परोसा जाने वाला भोजन स्वच्छ पोष्टिक एवं शुद्ध होना चाहिए। प्रतिष्ठान/संस्थान में किचन परिसर की साफ–सफाई के साथ–साथ कच्चा खाद्य सामग्री भी ताजा होना चाहिए। पैकेट सामग्री जैसे–मसाला, तेल, बिस्कीट, बेसन, नमक, ब्रेड, दुध आदि में FSS Act-2006 के नियमों के अनुसार मैनुफेक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट एवं FSSAI License No, Ingridient list अंकित होना आवश्यक है।
- ➢ उक्त सरकारी एवं प्राईवेट संस्थान/प्रतिष्ठानों का (स्कुल किचन, होटल, किराना दुकान, खाद्य ट्रांसपोर्टर, दुध एवं पनीर बिक्रेता, मिठाई दुकान, लोकल बाजार हाट, हॉस्पीटल कैन्टीन, मुख्य मंत्री दाल भात केन्द्र आदि) का नियमित अंतराल में औचक निरीक्षण खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, खूँटी के द्वारा करते हुए जांच हेतु नमूना लिया जाएगा। यदि जांच रिपोर्ट नियमानुसार नही पाया जाता है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिसमें सजा एवं जूर्माना की प्रावधान है, जिसकी सारी जवाबदेही प्रतिष्ठान संचालनकर्त्ता की होगी।

अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
खूँटी

PR 353704 (District)25-26*D



**Department of Rural Development**
**Government of Jharkhand**
**Jharkhand State Livelihood Promotion Society**
**RECRUITMENT DRIVE FOR CONSULTANT POSITIONS UNDER FINANCIAL INCLUSION DOMAIN OF JSLPS**

The Rural Development Department, Government of Jharkhand implements several programmes that aim at alleviating rural poverty through creating sustainable employment opportunities for the rural poor. Jharkhand State Livelihood Promotion Society (JSLPS) is implementing many of important poverty alleviation programmes of RDD. JSLPS is a registered Society created by the Rural Development Department of GoJ. JSLPS is mandated to fight against poverty, by enabling and empowering the poor. JSLPS while implementing programmes aims to improve rural livelihood options and work with Community Institutions towards social and economic empowerment. Currently, on behalf of RDD, GoJ, JSLPS is implementing programmes/projects like DAY – NRLM and DDU – GKY. Besides this, other state and central sponsored special projects are also being implemented by JSLPS. For further details, please visit www.jslps.in.

To successfully implement these programmes/projects, JSLPS requires eligible and competent professionals to work on **consultant basis** with JSLPS. Applications are invited from suitable candidates for the following positions:

| Sl. No. | Program/ Project (Domain) | Position | Category | Place of Posting | Proposed No. of Position | Date of Walk-In Selection Process |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DAY - NRLM (Financial Inclusion) | Consultant - Retired/Voluntarily Retired Banker (Financial Inclusion) | B | SMMU | 2 (UR- 1, ST-1) | 5th June, 2025 |
| 2 | | Consultant - Assistant (Financial Inclusion) | C | SMMU | 1 (UR- 1) | 6th June, 2025 |

The selection will be conducted as per the below mentioned schedule:

- **Registration Time** :**10.00 AM to 12.00 PM** (No application shall be accepted after registration time.)
- **Venue** : **Kejriwal Institute of Management and Development Studies, Namkum, Ranchi**

***This may extend to next or other day depending upon number of candidates appearing for Registration in the selection process.*** All interested candidates appearing in selection process must be ready for this.

**Important Instructions:**

1. All above Consultant positions are purely on contractual basis till March'26, as per the Consultant Policy (extension of consultancy contract will be based on requirement of the project and/or performance of the candidate). Numbers of position may increase or decrease based on requirement of the project. Services of Consultants hired through this advertisement may be taken for the implementation of special projects and any related assignment of JSLPS. The employment of consultants will be governed by the approved consultancy policy of JSLPS.
2. Further details regarding eligibility criteria (Education as well as Experience), selection process & reservation cut off for each level of selection is also uploaded on http://www.jslps.in/Careers.aspx Candidates appearing for the above position/s must read it carefully. Only bona fide candidates meeting the eligibility criteria shall be entertained for this Walk-In selection process. The candidates who do not possess relevant educational qualification and experience will not be shortlisted to appear in the selection process.
3. The selection process will comprise of Written Test, Group Discussion/Presentation and Personal Interview. Written test for all advertised positions will be the base for shortlisting for next stages of hiring process. The overall score acquired in all the three stages will decide the selection or rejection of a candidate. The final merit list of candidates will be announced after applying approved cut off for each stages/level of selection process.
4. All reserved positions of this advertisement will take reference to state level ideal reservation norms followed by Government of Jharkhand. Reservation benefits will only be available to the residents of Jharkhand Only, having valid credentials, issued from competent authority. The reservation for Women, PWD, EWS, PVTG and Women will also be applicable with reference to the norms as followed by Government of Jharkhand.
5. The Candidate has to carry following documents (original as well as self-attested photocopy) at the time of Walk-In Selection Process:
   a. All Educational / Academic Certificates.
   b. All Experience Certificates (Relieving and Experience Letter from all previous employers. Appointment letter of current employer).
   c. Valid domicile and caste certificates for availing reservation benefits.
   d. Aadhar card/Driving Licence/Voter ID or other relevant photo Identity Proof.
   e. 2 passport size recent coloured photograph of self.
6. No TA/DA/lodging facility will be given to candidates for attending the Walk-In selection process.
7. All applicants must take this into consideration that vacancy announced herewith will co-terminus with the completion of the projects/programmes or availability of fund or any decision taken by JSLPS, RDD, Government of Jharkhand. Therefore, the contract may be of shorter period. Those applying must agree to this condition.

PR 353702 Jharkhand State Livelihood Promotion Society(25-26)D
**(COO – JSLPS)**

## गाजा में खाने के लिए भगदड़, 3 की मौत, 46 घायल



राफा (आजाद सिपाही)। गाजा के दक्षिणी शहर राफा में खाना लेने पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गयी। इससे तीन लोगों की मौके पर मौत हो गयी, वहीं 46 घायल हो गये। इसके अलावा 7 लोग लापता भी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह भगदड़ इजराइली सैनिकों के हवा में फायर करने के बाद बची। वहीं इजराइल सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए चेतावनी के तौर पर गोलियां चलायी थीं। गाजा में लोगों को खाना मुहैया कराने के लिए फूड सेंटर शुरू किये जा रहे हैं। राफा शहर में ऐसे ही एक सेंटर पर खाना लेने के लिए हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी थी। इजराइली फायरिंग के बाद हजारों फिलिस्तीनी खाने के लिए सेंटर पर दौड़ पड़े।

# डीपीएस में अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं : डॉ जया चौहान

## हर माह काम के आधार पर शिक्षकों को भी मिलेगा पुरस्कार

**स्कूल में शुगर टेस्ट की भी होगी व्यवस्था**

**छात्रों के लिए स्किल डेवलेपमेंट पर भी जोर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के डीपीएस की नवनियुक्त प्राचार्य डॉ जया चौहान का विजन एकदम साफ है। वह शालीन और मिलनसार महिला हैं। पूरी तरह से काम पर जोर देती हैं। उनके योगदान के बाद से ही स्कूल का माहौल बदल गया है। वह अनुशासनहीनता और करप्शन को बर्दाश्त नहीं करने वाली हैं। इसके साफ संकेत उन्होंने बुधवार को आजाद सिपाही से बातचीत करने के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि डीपीएस का देश ही नहीं बल्कि इसका नाम विदेशों में भी हो इसके लिए वह काम करेंगी। यहां से निकलने वाले बच्चे देश के अलावा विदेश में भी अपनी पहचान बनायें उस पर फोकस होगा। अभी योगदान दिये कुछ ही दिन हुआ है, वह सब कुछ समझ रहीं हैं। गर्मी छुट्टी होने के बावजूद वह हर दिन ऑफिस आ रहीं हैं। एकेडमिक क्षेत्र में ज्यादा काम करने को उन्होंने टारगेट बनाया है। वह जल्द ही हर माह बेहतर काम करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत करेंगी।

शिक्षकों का रेगुलर एकेडमिक ऑडिट होगा। उनका पूरा फोकस छात्रों और शिक्षकों पर है। छात्र सिर्फ अच्छे अंक ही नहीं लायें बल्कि अच्छे नागरिक बनें इस दिशा में काम करेंगी। अच्छा व्यवहार करना, अनुशासित रहना, माता-पिता और अपने से बड़ों का सम्मान करना, भारतीय संस्कृति जो कुछ सिखाती है। उसमें बच्चे आगे बढ़ें, इसपर भी फोकस रहेगा। इस विद्यालय के बच्चे खेल के क्षेत्र में भी नाम रोशन करें, इस पर भी जोर दिया जायेगा। जो बच्चे अच्छे खिलाड़ी बन सकते हैं और विद्यालय का नाम कर सकते हैं उन्हें हर प्रकार की सुविधा का इंतजाम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शुगर रोग की समस्या से छात्रों को अवगत कराया जायेगा। विद्यालय में शुगर टेस्ट की व्यवस्था की जायेगी। कोल्डड्रींक्स और अन्य शीतलपेय पदार्थ से होने वाली हानि की जानकारी विद्यार्थियों को दी जायेगी। डॉ जया चौहान का पूरा फोकस विद्यालय के छात्रों का भविष्य बेहतर हो इस दिशा में केंद्रित है। विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपनी समस्या बेहिचक उनसे कह सकते हैं।

## भारत में बने कावेरी इंजन की रूस में फ्लाइंग टेस्टिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत में बने कावेरी जेट इंजन की फ्लाइंग टेस्टिंग डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) रूस में कर रहा है। ये रियल सिचुएशन में इंजन की कैपेसिटी आंकने के लिए अहम है। अधिकारियों ने बताया इंजन पर करीब 25 घंटे का परीक्षण होना बाकी है। स्लॉट मिलने पर टेस्टिंग की जायेगी। इसकी कैपेसिटी शोकेस के लिए इसे एक लाइट कांबैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) में लगाने की योजना है। शुरूआत में कावेरी इंजन को तेजस जैसे स्वदेशी एलसीए में लगाने की योजना थी, लेकिन कार्यक्रम में देरी के चलते तेजस में अमेरिकी इंजन जीइ-404 लगाया गया। इस इंजन को अब भारत में बने लंबी दूरी के घातक अनमैंड एयर व्हीकल (यूएवी) यानी स्टेल्थ ड्रोन की पावर बढ़ाने के लिए फिर से तैयार किया जा रहा है। एएमसीए के लिए पावरफुल इंजन बनाने की तैयारी कावेरी 80 किलो न्यूटन थ्रस्ट (पावर) वाला एक लो बाईपास, ट्विन स्पूल टर्बोफैन इंजन है। बेहतर मैनुअल कंट्रोल के लिए इसमें ट्विन-लेन फुल अथॉरिटी डिजिटल इंजन कंट्रोल (एफएडीइसी) सिस्टम लगाया गया है।

# राष्ट्रपति शासन वाले मणिपुर में नयी सरकार बनाने की तैयारी



**राज्यपाल के पास पहुंचे 10 विधायक, 44 विधायकों के समर्थन का दावा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंफाल।** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें आठ भाजपा, एनपीपी के एक और एक निर्दलीय विधायक शामिल थे। विधायकों ने दावा किया है, इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा कि कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। नयी सरकार के गठन का विरोध करने वाला कोई नहीं है। मणिपुर विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत ने 44 विधायकों से मुलाकात की है। दूसरी तरफ, विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो गये हैं। जल्द ही सरकार बनाने पर आलाकमान का फैसला आ सकता है। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। बताते चलें कि 9 फरवरी को भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।

# डीएसपीएमयू में शीघ्र ही भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र स्थापित होगा: डॉ तपन कुमार शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में व्यावहारिक वेदांत एवं मूल्यों के विज्ञान विषय पर एक दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ कुलगीत एवं द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत अतिथियों को पुष्पगुच्छ दे कर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विषय की विभागाध्यक्ष डॉ आभा झा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि वेदांत का प्रभाव केवल भारत के आध्यात्मिक और दार्शनिक मूल्यों तक ही सीमित नहीं है बल्कि




भारत की राजनीतिक और सामरिक संस्कृति पर भी वेदांत का गहरा प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि वेदांत केवल एक दार्शनिक विचारधारा नहीं बल्कि जीवन को सुंदर, सरल और सार्थक बनाने की एक पद्धति है। आज की इस जटिल दुनिया में वेदांत का व्यवहारिक रूप अपनाना आवश्यक है, जिससे व्यक्ति न केवल आत्मिक शांति पा सकता बल्कि समाज में प्रेम, करुणा और एकता का संदेश फैला सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन को आध्यात्मिक दर्शन माना जाना चाहिए। वेदांत दर्शन असीमित है। वेदांत अपने मूल्यों द्वारा समाज का विकास करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता पद्मश्री डॉ अशोक भगत ने वेदांत पर अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि सभी जीवों का एक साथ होना ही वेदांत है। उन्होंने काफी सारगर्भित तरीके से वेदांत को परिभाषित करते हुए उसके मूल तत्वों को उदाहरणों के साथ समझाया। विशिष्ट वक्ता डॉ आरके राय ने कहा कि मानवता ही सबसे बड़ा गुण होता है। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मनुष्यों को वेद, ग्रंथ और उपनिषद का सार समझना अपने जीवनकाल में अति आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन 15- 20 मिनट वेद , उपनिषद जैसे ग्रंथों को पढ़ना आवश्यक बताया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ गोपाल पाठक ने व्यावहारिक वेदांत एवं विज्ञान के मूल्यों को महाभारत के प्रसंगों से जोड़ कर अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने काफी रोचक तरीके से भगवान कृष्ण के विभिन्न चरित्रों के संवाद के माध्यम से वेदांत के मूल ज्ञान की चर्चा की। उन्होंने इस संदर्भ में अहिल्या बाई होल्कर के व्यावहारिक ज्ञान का उल्लेख किया। मौके पर

झारखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ टीएन साहू ने कहा कि सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में वेदांत का चिंतन असीमित है। इस अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ यूसी मेहता और साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल ने भी उपरोक्त विषय पर अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन हिंदी विभाग के प्राध्यापक मनीष मिश्रा ने और धन्यवाद कार्यक्रम की समन्वयक और इएलएल विभाग की समन्वयक डॉ पीयूषबाला ने दिया। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।





























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**